ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
25 जून, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 245













## पीएम के आपातकाल वाले बयान पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

# आज के दिन ही लोकतंत्र पर लगा था काला धब्बा : मोदी

- लोकसभा का सत्र शुरू सदस्यों ने ली शपथ
- राज्यसभा में जेपी नड्डा बने सदन के नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हो गया। सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। इस दौरान आपातकाल का जिक्र किया। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को घेरा। उधर, विपक्ष ने संसद परिसर में संविधान की कॉपी लेकर प्रदर्शन किया, तो सदन के अंदर प्रोटेम स्पीकर ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी।

पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ लेने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नमस्कार किया, तो राहुल ने उन्हें पहले संविधान की कॉपी दिखायी। बाद में हाथ जोड़ कर दोनों ने एक-दूसरे का अभिवादन किया। शिक्षा मंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में 'नीट-नीट' का विपक्ष ने लगाया नारा। वहीं, जेपी नड्डा को राज्यसभा का नेता बनाया गया।

उधर, विपक्षी सांसदों ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाये जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। संसद परिसर में संविधान की कॉपी लहरायी और संविधान बचाओ के नारे लगाये।



### 'नीट-नीट', 'शेम-शेम' के लगे नारे

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में सदस्यों ने शपथ ली। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलायी थी। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ। पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कैबिनेट के मंत्री और अन्य सदस्यों ने शपथ ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम जब शपथ के लिए बुलाया गया, तो विपक्ष ने 'नीट-नीट', 'शेम-शेम' बोलना शुरू कर दिया। विपक्ष नीट पेपर धांधली में उनके इस्तीफे की भी मांग कर चुका है। उधर, राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पीयूष गोयल की जगह नेता सदन बनाया गया है। नड्डा गुजरात से राज्यसभा के सांसद हैं।

**क्या कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद भवन परिसर में कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव का, वैभव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नये संसद भवन में यह शपथ ग्रहण हो रहा है। इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत करता हूं, शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मंगलवार 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नयी पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था। संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गयी थीं। देश को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अपने संविधान, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके, जो 50 साल पहले किया गया था। हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे। हम भारत के संविधान के निर्देशों के अनुसार सामान्य मानव के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री ने चुनाव संपन्न होने का जिक्र, 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य, युवा सांसदों और गीता समेत अन्य बातों का जिक्र किया। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा। मोदी ने कहा कि लोगों को विपक्ष से अच्छे कदमों की उम्मीद है, लेकिन अब तक यह निराशाजनक रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे ने क्या कहा :** प्रधानमंत्री के आपातकाल वाले बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री की नैतिक हार के बाद भी अहंकार बना हुआ है। उनको 50 साल पुराना आपातकाल तो याद है, लेकिन अघोषित आपातकाल का पिछला दशक याद नहीं है। पीएम मोदी ने आज हमेशा की तरह लंबा भाषण दिया। जाहिर है नैतिक और राजनीतिक हार के बाद भी अहंकार बरकरार है। देश को उम्मीद थी कि मोदीजी पेपर लीक और बंगाल में ट्रेन दुर्घटना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कुछ कहेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मणिपुर पिछले 13 महीनों से हिंसा के बारे में कोई चिंता व्यक्त की।

# नीट का पेपर बिहार-झारखंड के 100 अभ्यर्थियों को मिला था

- नीट पेपर लीक मामले में अब तक 25 गिरफ्तारियां
- हजारीबाग में ई-रिक्शा से बैंक भेजे गये थे प्रश्न पत्र
- एनएसयूआइ का जंतर-मंतर के समक्ष प्रदर्शन

### जांच इडी को सौंपने पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई आदेश नहीं दिया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सोमवार को नीट-यूजी मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को सौंपने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई आदेश नहीं दिया। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस राजेश बिंदल की वेकेशन बेंच ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होने दें। अभी कोई जल्दबाजी नहीं है। यह सुनवाई 10 जून को सुप्रीम कोर्ट में दायर शिवानी मिश्रा समेत 10 शिकायतकर्ताओं की याचिका पर हुई थी। उधर, सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका सोमवार को दायर की गयी, जिसे आर्टिकल 32 के तहत रिट पिटीशन के तौर पर दखिल किया गया। इस पर भी आठ जुलाई को सुनवाई होगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची/पटना।** नीट परीक्षा के पेपर लीक की जांच में अब तक देश के अलग-अलग राज्यों से 25 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बिहार से 13, झारखंड से पांच, गुजरात के गोधरा से पांच और महाराष्ट्र के लातूर से दो गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। केंद्र सरकार ने पेपर लीक मामले की सीबीआइ को जांच सौंपी है। सीबीआइ की टीमें सोमवार को बिहार और गुजरात पहुंची हैं। बिहार आर्थिक अपराध यूनिट (इओयू) ने अपनी जांच रिपोर्ट सीबीआइ को सौंप दी है। पटना में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है। वहीं, नीट रद्द करने की मांग को लेकर एनएसयूआइ ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकरियों ने परीक्षा रद्द करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। वहीं, झारखंड के हजारीबाग से खबर आ रही है कि यहां ई-रिक्शा से नीट के प्रश्न पत्र बैंक भेजे गये थे।

प्रप्त जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध यूनिट (इओयू) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले की रिपोर्ट केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक इसमें कहा गया है कि 5 मई को सेंटर पहुंचने से पहले ही बिहार-झारखंड के 100 अभ्यर्थियों को नीट का पेपर मिल गया था। इओयू के मुताबिक ह्वाट्सएप पर 5 मई की सुबह नीट-यूजी का प्रश्न पत्र उत्तर के साथ पीडीएफ फाइल में पहुंचा, जिसका प्रिंट निकाल कर अभ्यर्थियों को दिया गया। पेपर कहां से आया था, इसकी जांच आरोपी के मोबाइल के जरिये हो रही है।

**हजारीबाग से ऐसे लीक हुआ था नीट का पेपर :** बिहार पुलिस की इओयू टीम ने नीट पेपर लीक में अब तक अपनी जांच और कार्रवाई की जानकारी एक विज्ञप्ति जारी कर दी है। इओयू टीम की जांच में यह बात सामने आयी है कि रांची के ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस हजारीबाग सेंटर तक पहुंचने के क्रम में पेपर लीक हुआ है। एनटीए के मानकों के आधार पर पैकिंग नहीं की गयी थी। जांच में पता चलता है कि कूरियर सर्विस से पेपर आने के बाद ही छेड़छाड़ की गयी। जांच में इस बात का खुलासा होता है। इओयू ने स्पष्ट किया है कि प्रश्न पत्र की सॉल्व्ड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त बालदेव कुमार उर्फ चिंटू के मोबाइल पर परीक्षा वाले दिन ही पांच मई को पहुंचा था। पेपर पहुंचने के बाद अभ्यर्थी को पेपर रटवाया गया। इओयू ने बताया कि जब्त अधजले प्रश्न के सीरियल कोड से संबंधित जानकारी 20 जुलाई को एनटीए से मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि उक्त सीरियल कोड हजारीबाग के मंडई रोड के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल का है। हालांकि हाजरीबाग नीट के सिटी को-ऑर्डिनेटर और ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक ने उनके स्कूल पर लगाये जा रहे आरोपों से साफ इनकार किया है।

## मुख्यमंत्री ने स्कूली शिक्षा विभाग की समीक्षा की

# शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया 5 सितंबर तक पूरी करें: चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता



- इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार और स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों पर नियुक्ति होनी है

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 15 अगस्त 2024 तक इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार पदों पर नियुक्ति सुनिश्चि करें। वहीं, स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों की बहाली आगामी 5 सितंबर 2024 तक हर हाल में हो, यह सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार ने शिक्षक बहाली के लिए जो लक्ष्य रखा है, उसी अनुरूप कार्य प्रगति में तेजी लायें। शिक्षक बहाली की सभी प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत करने कर रही है। स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षकों की कमी की वजह से पठन-पाठन में बाधा नहीं पहुंचे, यह हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है।

**जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लायें:** चंपाई ने कहा कि राज्य में समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करनी है। इसके लिए जनजातीय भाषा के 3538 एवं क्षेत्रीय भाषाओं के 8418 पदों पर जो नियुक्ति की जानी है, इसकी सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करें। इसके अलावा सदृश्य वादों में पारित न्यायादेश के आलोक में अंतिम काउंसलिंग के आधार पर चयनित 1511 प्रारंभिक शिक्षकों को जल्द नियुक्ति पत्र दिया जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर वैसे स्कूल, जिन्हें कठिन भौगोलिक समस्याओं के कारणों से बंद किया गया था, उन विद्यालयों को फिर से शुरू करने के लिए विभाग कार्य योजना बनाये।

**किताब, पोशाक, छात्रवृत्ति, साइकिल समय पर मिले:** मुख्यमंत्री ने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना एवं साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों को ससमय पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करायी जाये। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024-25 में कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक आपूर्ति एवं वितरण का कार्य जारी है। यह निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण आदि योजनाओं को भी समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की छात्रवृत्ति राशि कक्षा एक से 12 तक के पात्र विद्यार्थियों को डीबीटी किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2024-25 के लिए राशि की प्राप्ति होने के उपरांत डीबीटी किये जाने की कार्रवाई की प्रारंभ कर दी जायेगी।

**मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या बढ़ायें:** चंपाई ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की कार्य योजना में तेजी लायें। राज्य के स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को हर हाल में सुदृढ़ करना है। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय तथा स्कूल परिसरों की साफ सफाई में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए डिजिटल शिक्षा एवं स्मार्ट क्लास की पढ़ाई की व्यवस्था में कोई बाधा नहीं पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने समग्र शिक्षा अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा, निपुण समागम-2024, विद्यालय प्रमाणीकरण, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत मेधावी छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण, समावेशी शिक्षा मध्याह्न भोजन योजनाओं की समीक्षा की।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,600 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# शिवराज और हिमंता के दौरे से गुटबाजी पर विराम

## ■ आलाकमान भी यह मानता है, झारखंड में बाबूलाल प्रभावशाली

## ■ बाबूलाल आदिवासी और गैर आदिवासियों के बीच समान रूप से लोकप्रिय

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में भाजपा ने कमर कसनी शुरू कर दी है। झारखंड के लिए पार्टी के नवनियुक्त चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह-प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा झारखंड का दो दिवसीय दौरा कर लौट चुके हैं। इन नेताओं की खूबी यही है कि ये दोनों हवा में तीर नहीं चलाते। जो भी जमीनी सच्चाई है, उसी आधार पर काम करते हैं। इन दोनों नेताओं के दिमाग में भाजपा के विधानसभा फतह के लिए जो तय आकंड़े हैं, वे भी कहीं न कहीं लॉजिकली सही भी हैं। उसी मिशन को हासिल करने के लिए दोनों दिग्गजों ने प्रदेश संगठन के साथ राणिनीति पर काम करना भी शुरू कर दिया है। लक्ष्य स्पष्ट है कि एनडीए ने झारखंड में नौ लोकसभा सीटें हासिल की हैं, यानी 52 सीटों पर भाजपा अभी भी भारी है। जिन पांच लोकसभा सीटों पर भाजपा को नुकसान हुआ है, उसके लिए विशेष रणनीति पर काम हो रहा है। यानी 28 आदिवासी सीटों पर। 28 में से जितना भाजपा हासिल कर लेगी, वह उसके लिए बोनस होगा। पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 28 आदिवासी सीटों में से दो सीटें ही भाजपा के पाले में आयी थी। अपने दौरे के क्रम में उन्होंने जहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कई दौर की बैठक की और चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया, वहीं उन्होंने एक बात साफ कर दी कि विधानसभा चुनाव का नेतृत्व तो बाबूलाल मरांडी ही करेंगे। एक तरफ यह बाबूलाल मरांडी द्वारा कड़ी मेहनत का सर्टिफिकेट भी है। यानी आलाकमान को भी यही लगता है कि झारखंड के लिए अगर कोई नेता फ्रंट से लीड कर सकता है, तो वह बाबूलाल मरांडी ही हैं। अब बाबूलाल मरांडी के साथ दो-दो मजबूत हाथ मिल कर काम करेंगे। भाजपा का जिस तरीके से देश भर में प्रदर्शन रहा खासकर यूपी, राजस्थान, बंगाल उससे तो कहीं बेहतर झारखंड में रहा। 14 सीटों में आठ भाजपा और एक आजसू यानी एनडीए को कुल नौ सीटें आयीं तो परिणाम को अच्छा ही माना जायेगा। हां रिजल्ट 85 प्रतिशत नहीं रहा, लेकिन 65 प्रतिशत तो है ही। अब जिस तरीके से इन दोनों नेताओं ने बाबूलाल मरांडी का मनोबल बढ़ाया है, उसने लोकसभा चुनाव के बाद से झारखंड भाजपा के अंदर पसरे सन्नाटे को भी खत्म किया है। इस लोकसभा चुनाव में झारखंड के संदर्भ में अगर एक नेता की बात की जाये, जिसने जी तोड़ परिश्रम किया, वह हैं बाबूलाल मरांडी। उन्होंने खुद को झोंक डाला था। परिणाम भी दिखा। क्योंकि 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद से भाजपा झारखंड में जिस प्रकार से स्ट्रगल कर रही थी, उससे तो यही कहा जा सकता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव का परिणाम, उसके लिए उत्साहवर्धक है। बाबूलाल मरांडी को मजबूती प्रदान करने से झारखंड भाजपा में खेमेबंदी पर विराम लगने की पूरी संभावना है। लगनी भी चाहिए। भाजपा नेताओं की खेमाबंदी देखनी है, तो किसी सामाजिक कार्यक्रम में चले जाइये, जैसे शादी-विवाह, साफ दिख जायेगा कि कई ऐसे नेता हैं, बड़े नेताओं की बात कर रहा हूं, जो एक दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करते। भाजपा को सिर्फ मोदी का परिवार नहीं, पार्टी का भी परिवार बन कर काम करना पड़ेगा। क्योंकि पार्टी को एक व्यक्ति बहुत दिनों तक नहीं खिंच सकता। ऐसा होना भी नहीं चाहिए। सभी को बराबर मिल कर एक साथ कदमताल करना पड़ेगा। फिलहाल दोनों नेताओं ने झारखंड में जिन सीटों पर भाजपा को लीड मिली है, उसको बेस मानते हुए जीत की इमारत गढ़ने का प्रयास शुरू कर दिया है और उसी को देखते हुए रणनीति भी तैयार की जा रही है। झारखंड के नेताओं-कार्यकर्ताओं को बताया भी है कि लोकसभा चुनाव परिणाम से हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। यह परिणाम दूसरे राज्यों की अपेक्षा अच्छा है। क्या रहा शिवराज-हिमंता के झारखंड दौरे का फलाफल और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के बाद भाजपा अब झारखंड विधानसभा चुनाव में किसी प्रकार का खतरा मोल लेने के लिए तैयार नहीं है। 2019 के चुनाव में सत्ता गंवा चुकी भाजपा ने इस बार झारखंड में हर वह दांव आजमाने की रणनीति बनायी है, जिससे वह दोबारा सत्ता में आ सके। इसलिए पार्टी आलाकमान ने अपने दो कद्दावर नेताओं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को क्रमशः झारखंड का चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किया है। ये दोनों नेता अपने काम पर लग भी गये हैं और अभी दो दिन का झारखंड दौरा कर लौट चुके हैं। इस दौरे के दौरान इन दोनों नेताओं ने जहां लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के अलावा पार्टी संगठन की अंदरूनी स्थिति की जानकारी हासिल की, वहीं विधानसभा चुनाव के लिए अपनायी जानेवाली रणनीति पर भी विचार किया। कई दौर की बैठकों के बाद जो बातें सामने आयी हैं, उनमें सबसे प्रमुख यह है कि भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव का परिणाम उतना निराशाजनक नहीं रहा, जितना कि बताया जा रहा है और दूसरा यह कि विधानसभा चुनाव में गुटबाजी के सारे रास्ते बंद कर दिये हैं, जिसमें कुछ लोग बाबूलाल मरांडी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे थे।

### लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा

शिवराज और हिमंता ने लोकसभा चुनाव परिणाम पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान एक बात सामने आयी कि भाजपा के लिए परिणाम उतने निराशाजनक भी नहीं हैं, जितने कि बताये जा रहे हैं। पार्टी ने पांच आदिवासी सीटों समेत कुल 48 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की है, जो कहीं से भी खराब प्रदर्शन नहीं है। इतना ही नहीं, जिन आदिवासी सीटों पर भाजपा को बढ़त हासिल हुई है, उनमें झामुमो का गढ़ दुमका और वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन की सीट सरायकेला भी शामिल है। इसके अलावा जामा, घाटशिला और पोटका से भी भाजपा को बढ़त हासिल हुई। इसलिए यह कहना कि आदिवासियों के बीच भाजपा की पैठ कम हुई है, सही नहीं है। यदि विधानसभा चुनाव में भाजपा का यही प्रदर्शन जारी रहा, तो सत्ता पक्ष के लिए परेशानी हो सकती है। इसलिए शिवराज और हिमंता ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से हतोत्साहित नहीं होने और अभी से ही राज्य सरकार को घेरने की रणनीति पर काम करने का निर्देश दिया है।



### बाबूलाल मरांडी ही रहेंगे कप्तान

इन दोनों नेताओं ने यह भी साफ कर दिया कि पार्टी की कमान बाबूलाल मरांडी के ही हाथों में रहेगी, यानी भाजपा झारखंड की पिच पर उनकी कप्तानी में ही बैटिंग करेगी। प्रभारी और सह-प्रभारी ने यह भी साफ कर दिया कि पार्टी आलाकमान राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की किसी भी संभावना पर कोई विचार नहीं कर रहा है। दरअसल, झारखंड में आज भाजपा के पास बाबूलाल मरांडी का विकल्प नहीं है। दोनों केंद्रीय नेताओं ने बाबूलाल मरांडी की मेहनत और पार्टी के प्रति समर्पण की न केवल सराहना की, बल्कि लोकसभा चुनाव परिणामों को उनकी उपलब्धि बताया। दोनों नेताओं ने स्वीकार किया कि झारखंड के आदिवासी भाजपा से बिदके नहीं हैं, बल्कि कुछ नाराज हैं। उन्हें यदि कोई वापस भाजपा के करीब ला सकता है, तो वह बाबूलाल मरांडी ही हैं। अंदरखाने यह भी सच्चाई है कि बाबूलाल मरांडी ने जिन प्रत्याशियों को टिकट देने की सिफारिश की थी, उनमें से हरेक ने जीत हासिल की है। दोनों केंद्रीय नेताओं के दौरे के बाद यह बात साफ है कि बाबूलाल मरांडी को विधानसभा चुनाव तक बड़ी जिम्मेदारी निभाने को पूरी छूट मिलेगी। वह प्रभावी तरीके से चुनावी रणनीति और धरातल पर उसे उतारने, प्रत्याशी चयन और दूसरे मसलों पर अपनी भूमिका अदा करेंगे। इस हिसाब से विधानसभा चुनाव के बाद ही पता लगेगा कि झारखंड की सियासत में बाबूलाल कितने प्रासंगिक और धारदार नेता साबित हो रहे हैं।

### पार्टी में गुटबाजी मसला नहीं

लोकसभा चुनाव के बाद पिछले दिनों भाजपा की समीक्षा बैठकें हुईं। इनमें आपसी गुटबाजी, विरोध और कलह की भी खबरें बाहर आयीं। देवघर में निशिकांत दुबे और विधायक नारायण दास के बीच आपसी कलह की खबर हो या दुमका में सीता सोरेन का विधायक रणधीर सिंह और पूर्व मंत्री लुइस मरांडी पर उंगली उठाने का मसला हो, दोनों केंद्रीय नेताओं ने साफ किया कि यह कोई मसला नहीं है।

### क्या कहा दोनों नेताओं ने

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया, जहां उसने आठ सीटें जीतीं और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी को एक सीट मिली। संसदीय चुनाव में 81 विधानसभा सीटों में से भाजपा-आजसू को 52 पर बढ़त मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दिलाने में राज्य ने अहम भूमिका निभायी। इस उपलब्धि के लिए पार्टी नेतृत्व, बूथ कार्यकर्ता और झारखंड की जनता बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि पार्टी बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में काम करेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में अगली सरकार बनायेगी। वहीं असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की विधानसभा सीट पर भी बढ़त हासिल की। उन्होंने कहा कि अगर वह झारखंड के मुख्यमंत्री होते, तो इस विफलता के कारण इस्तीफा दे देते। दोनों केंद्रीय नेताओं के दौरे के बाद झारखंड भाजपा में निश्चित तौर पर नये जोश का संचार हुआ है। पार्टी की तरफ से राज्य सरकार को घेरने की रणनीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसलिए कहा जा सकता है कि झारखंड में आनेवाले दिनों में भाजपा का नया रूप देखने को मिलेगा।

---

### गांडेय में शिक्षिका की भूमिका में नजर आयीं कल्पना सोरेन

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का किया निरीक्षण, छात्राओं को दिये कई टिप्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को एक अलग भूमिका में नजर आयीं। वह गांडेय के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस अचानक पहुंच गयीं। वहां शिक्षिका की भूमिका में नजर आयीं। छात्राओं से बातचीत की और कई टिप्स दिये। हालांकि कल्पना सोरेन का रांची में शिक्षा से गहरा जुड़ाव अरसे से रहा है। राजनीति में इंट्री से पहले वह शिक्षण कार्य से जुड़ी थीं। गांडेय दौरे पर कुछ पल निकाल कर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहुंच गयीं। छात्राओं को देख कल्पना के अंदर पढ़ाने की रुचि बलबती हो गयी। छात्राओं को भविष्य की राह आसान बनाने को लेकर कई टिप्स दिये। सोमवार को गांडेय में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण किया। इस दौरान कल्पना सोरेन छात्राओं के साथ मुखातिब भी हुईं। उनकी समस्याओं से रू-ब-रू हुईं और पढ़ाई-लिखाई को लेकर जरूरी टिप्स भी दिये। बता दें कि गांडेय में सक्रिय नजर आ रहीं कल्पना सोरेन ने सोमवार को सर जेसी बोस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स हाइस्कूल पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया में तस्वीरें शेयर कर इस बात की जानकारी दी। कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव जीतने के बाद से लगातार इलाके में सक्रिय हैं।



### बेहतर शिक्षा से ही झारखंड आगे बढ़ेगा

छात्राओं से मुलाकात के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट बनाना, प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाना, गरीब बच्चों को भी शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए संवेदनशीलता चाहिए। राज्य और राज्यवासियों के प्रति प्रेम चाहिए। उनकी खुशी में अपनी खुशी देखने की नीयत चाहिए। हेमंत जी ने प्रण लिया और झारखंड के सरकारी स्कूलों ने बेहतरीन कायाकल्प देखा। यह अभियान बहुत बड़ा है, जिसे मिल कर पूरा करना है। बेहतर शिक्षा से ही झारखंड आगे बढ़ सकता है।

**कंप्यूटर लैब की सुविधाओं का लिया जायजा :** कल्पना सोरेन ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि वह कंप्यूटर लैब में सुविधाओं का जायजा ले रही हैं। दूसरी तस्वीर में कल्पना क्लास रूम में शिक्षकों से सिलेबस सहित अन्य बातों की जानकारी ले रही हैं। एक तस्वीर में कल्पना छात्राओं से मुखातिब हैं और उनसे बातचीत कर रही हैं। उनको पढ़ाई-लिखाई से संबंधित टिप्स दे रही हैं। बता दें कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की परिकल्पना है, जिसका उद्देश्य गरीब तबके के प्रतिभाशाली बच्चों को निजी स्कूलों की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसमें स्मार्ट क्लास रूम, लैब और प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। सभी जिलों में ऐसे स्कूल खोले गये हैं। उनके साथ गिरिडीह के विधायक सुदिव्य सोनू भी थे।

---

### हाइकोर्ट में हाजिर हुए माइंस सचिव, कहा

# लौह अयस्क को हटाने की चल रही है प्रक्रिया

**यहां नहीं है कानूनी प्रावधान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सारंडा के जंगल में डंप पड़े हुए लौह अयस्कों को हटाने से संबंधित मामले में झारखंड हाइकोर्ट में माइंस विभाग के प्रभारी प्रधान सचिव सोमवार को सशरीर उपस्थित हुए और कोर्ट के सवालों का जवाब दिया।

सचिव ने कोर्ट को बताया कि सारंडा जंगल में बंद पड़ी 16 माइनिंग कंपनियों के लौह अयस्कों में से 11 माइनिंग कंपनियों का मामला विभिन्न अदालतों में लंबित है। साथ ही पांच माइनिंग कंपनियों के लौह अयस्कों को हटाने की प्रक्रिया राज्य सरकार की ओर से चल रही है। इनमें कोई कानूनी बाधा नहीं है। इससे संबंधित फाइल विभाग के मंत्री के पास है। वहां से अनुमति मिलने पर पांच माइनिंग कंपनियों के लौह अयस्कों को हटाने के लिए चालान जारी किया जायेगा।

मामले में सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता सरयू राय को इसका प्रति उत्तर देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अशोक यादव ने पैरवी की।

पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया था कि सारंडा के जंगल में डंप पड़े लौह अयस्कों को कैसे हटाया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाया जा रहा है। एसओपी पर विभागीय मंत्री से अनुमति मिलने के बाद सारंडा के जंगल से लौह अयस्कों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

सरयू राय ने सारंडा के जंगलों में हो रही गैरकानूनी माइनिंग को बंद करवाने और पर्यावरण को बचाने के लिए झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। कोर्ट को सरयू राय के अधिवक्ता ने बताया था कि सारंडा के जंगलों में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद सारी माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गयीं, लेकिन अत्यधिक मात्रा में माइनिंग की गयी लौह अयस्क को खुले में छोड़ दिया गया है। इससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। सरकार इस मामले में टालमटोल कर रही है। पिछले डेढ़-दो साल से राज्य सरकार कोर्ट को गुमराह कर रही है।

इस पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताते हुए पूछा कि क्यों सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि सरकार अगली तिथि के पहले स्थिति स्पष्ट करे। या तो लौह अयस्क को बेचने की प्रक्रिया सरकार पूरी करे या फिर कोई ऐसी जगह चिह्नित करे, जहां इन लौह अयस्क को डंप किया जा सके।

---

### हाइकोर्ट को महाधिवक्ता ने बताया

# जल्द पूरी होगी संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति प्रक्रिया

**लोकायुक्त, सूचना आयुक्त का मामला कैबिनेट के पास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त रहने के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के मामले की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में लागू आदर्श आचार संहिता खत्म हो चुकी है। राज्य सूचना आयुक्त और लोकायुक्त आदि की नियुक्ति का मामला कैबिनेट के पास विचाराधीन है। नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जायेगी।

विधायक बाबूलाल मरांडी एवं प्रदीप यादव से संबंधित मामले में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। प्रदीप यादव की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पैरवी की। अवमानना याचिका में कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2020 में हाइकोर्ट ने सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जायेगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में याचिकाकर्ता राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की थी। राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति और झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट ऑथोरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गयी है। इसमें कोर्ट को बताया गया था कि करीब पांच वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था, लेकिन अब तक सूचना आयोग में कोई नियुक्ति नहीं हो पायी है। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 1 जुलाई निर्धारित की।

# हॉर्स ट्रेडिंग मामले में कांग्रेस महासचिव का बयान दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2010 के राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग मामले में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मदन मोहन शर्मा का बयान सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को दर्ज हुआ। मामले की अगली सुनवाई 5 जुलाई को होगी। तत्कालीन विधायक योगेंद्र साव के अलावा उमाशंकर अकेला और राजेश रंजन मामले में ट्रायल फेस कर रहे हैं। मामले के दो आरोपित साइमन मरांडी और सावना लकड़ा का निधन हो गया है। वोट बदले नोट की मांग करने का इनपर आरोप है।

बता दें कि वर्ष 2010 के राज्यसभा चुनाव में कथित हॉर्स ट्रेडिंग का मामला सामने आने के बाद हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ ने जांच शुरू की थी। सीबीआइ ने इस संबंध में कांड संख्या आरसी 2-13 दर्ज किया है। जांच के बाद 2013 में अदालत में चार्जशीट दाखिल की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.0 °c | 24.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |

### सीएम अबुआ वीर अबुआ दिशोम कार्यक्रम में हुए शामिल

# जानबूझकर वनपट्टा आवेदनों को रद्द नहीं करें: चंपाई सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा, मजबूत इच्छाशक्ति जागृत कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें अधिकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय के लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें उनका हक-अधिकार प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। ग्राम सभा की अनुशंसा के अनुरूप वनपट्टा हेतु मिले आवेदन में भूमि की मांग हेक्टेयर में हो या एकड़ में, हम उतनी भूमि उन्हें प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध करायेंगे। इस लक्ष्य के साथ कार्य करने की जरूरत है। वन अधिकार अधिनियम को सरल और पारदर्शी बनाकर झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को ग्राम सभा के निर्णय अनुसार सम्मान के साथ वनपट्टा प्रदान करें। अधिकारी मजबूत इच्छाशक्ति जागृत कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आवेदनों को जानबूझकर रद्द नहीं करें।

मुख्यमंत्री सोमवार को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (एटीआइ) के सभागार में अबुआ वीर अबुआ दिशोम को लेकर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रत्येक बिंदुओं पर आज की इस कार्यशाला में विस्तृत चर्चा हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यशाला झारखंड के लिए ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कार्यशाला के बाद अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि वनपट्टा वितरण में जो कमी रही है उसे इस अभियान के तहत पूरा करना ही मुख्य उद्देश्य है। मुझे आशा ही नहीं, बल्कि पूरा भरोसा है कि लक्ष्य के अनुरूप अब वनपट्टा वितरण कार्य में राज्य सरकार अवश्य आगे बढ़ते हुए सफलता हासिल करेगी।



**अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

चंपाई ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम वर्ष 2006 में लागू हुआ है। इस अधिनियम के लागू हुए 18 साल हो चुके हैं, फिर भी हम सभी लोग वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को वन भूमि का अधिकार देने में काफी पीछे हैं। झारखंड के विभिन्न कार्यालयों में वनपट्टा के हजारों आवेदन रद्द कर दिये गये हैं। ये आवेदन क्यों रद्द हुए हैं, इसका जवाब जनता को देना पड़ेगा। जो अधिकारी वनपट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों को जानबूझकर रद्द करने का प्रयास करेंगे, उन पर राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। वन भूमि पर जिनका जितना अधिकार है, उन्हें सम्मानपूर्वक उपलब्ध करायेंगे।

#### विकास के हर पहलू से जोड़ें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वन क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों के बीच सिर्फ वनपट्टा वितरण करना ही नहीं, बल्कि उन्हें विकास के हर पहलू में जोड़ने की आवश्यकता है। सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से उन्हें मजबूत करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी लोग मिलकर झारखंड में एक ऐसी व्यवस्था बनायें, जहां ग्रामीण और शहरी लोगों के विकास में कोई भेदभाव नहीं हो। सबका एक समान विकास हो। देश में झारखंड विकास के मॉडल का एक बेहतर उदाहरण पेश कर सके।

#### अबुआ वीर अबुआ दिशोम एक महत्वपूर्ण अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान को हल्के में नहीं लेना है। यह एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अभियान है। इस अभियान के तहत वन पट्टा दावों के निपटारे के लिए जो रोडमैप राज्य सरकार ने तैयार किया है, उसे हर हाल में धरातल पर उतारना पड़ेगा। आज इस कार्यशाला में हम सभी जिम्मेदार लोग एकत्रित हुए हैं और हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन तत्परता और पूरी ईमानदारी के साथ करना पड़ेगा, तभी वन अधिकार अधिनियम कानून का लाभ यहां के आदिवासी और मूलवासी परिवारों को मिल सकेगा।

बरसों किये गये संघर्ष के बाद अंततः वर्ष 2006 में एएफआरए लागू किया जा सका। आज हम सभी लोग जो घने जंगल देख रहे हैं, इन जंगलों के संरक्षक भी हमारे आदिवासी-मूलवासी परिवार के लोग ही हैं। वन क्षेत्र में बनी ग्राम समितियों की बदौलत ही जंगल को बचाया जा सका है। यहां के आदिवासी-मूलवासी बहुत ही सरल और साधारण स्वभाव के लोग हैं, लेकिन ये लोग कभी भी अपनी परंपरा, संस्कृति और अस्तित्व की सुरक्षा के लिए पीछे नहीं हटते हैं। इन वर्गों का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता में है।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि इस कार्यशाला में एक गंभीर विषय पर हम सभी लोग चिंतन कर रहे हैं। वन अधिकार अधिनियम कानून वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को संरक्षित करने हेतु एक महत्वपूर्ण कड़ी है। वर्तमान समय में वन अधिकार अधिनियम कानून के उद्देश्य और भावनाओं को गहराई से समझने की आवश्यकता है। अधिकारियों से कार्यशैली में बदलाव लाकर तथा सकारात्मक मानसिकता के साथ वन अधिकार अधिनियम कानून के प्रावधानों को लागू करने की अपील की। इस मौके पर मुख्य सचिव एल खियांग्ते समेत अन्य अधिकारी और जिलों के उपायुक्त मौजूद थे।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा तैयार करेगी आरोप पत्र

# जनता के सुझावों से तैयार होगा घोषणा पत्र : बाबूलाल

**सभी जिलों में 25 जून को काला दिवस मनायेगी भाजपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव अब करीब है। अगले तीन महीने बाद चुनाव हो सकते हैं। इसे देखते हुए पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू भी कर दी है। प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चुनाव को देखते भाजपा ने आरोप पत्र समिति, घोषणा पत्र समिति गठित करने के अलावा अन्य कई कार्यक्रमों की तैयारी की है। आरोप पत्र समिति में सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, अमित मंडल, अरुण उरांव, गीता कोड़ा, केदार हाजरा, बिरंची नारायण, शशांक राज, सुनीता सिंह को शामिल किया गया है। घोषणा पत्र समिति में बूथ स्तर से भी जनता की राय लेकर उसे शामिल किया जायेगा। इसमें उनके अलावा अर्जुन मुंडा, अमर बाउरी, अन्नपूर्णा देवी, नवीन जयसवाल, अनंत ओझा, भानु प्रताप शाही, गीता कोड़ा, वीडी राम और संजय सेठ को भी शामिल किया गया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व की ओर से कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाने का टास्क दिया गया है। प्रदेश भाजपा भी इसकी तैयारी में लगी है। 6 जुलाई तक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।



#### आज काला दिवस मनायेगी भाजपा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दादी और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के समय 25 जून को देश भर में आपातकाल लागू किया गया था। मीडिया पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। इसे याद करते काला दिवस मनाया जायेगा। 30 जून को मन की बात कार्यक्रम हर बूथ पर सुना जायेगा। 30 जून को ही हुल दिवस मनेगा। श्याम प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में एक देश, दो विधान, दो निशान नहीं चलेगा को लेकर उन्होंने अनशन किया था, उनकी गिरफ्तारी हुई। जेल में हत्या कर दी गयी। 23 जून को बलिदान दिवस और 6 जुलाई को जन्मदिवस है। पर्यावरण को बचाने की खातिर मां के नाम पर पौधा लगाया जायेगा। कार्यकर्ता के साथ साथ जनता की भी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। लोकसभा चुनाव में एनडीए को 81 लाख वोट प्राप्त हुए। राज्य की जनता ने भाजपा का साथ दिया, उसे लेकर एक बड़ा कार्यक्रम होगा। अभिनंदन सह विजय दिवस 6 जुलाई से 12 जुलाई तक मनेगा। 20 जुलाई को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मोरहाबादी मैदान में आयोजित की जायेगी। अगस्त में महिला, युवा मोर्चा की तरफ से कार्यक्रम होंगे। हर आयोजन के लिए अलग- अलग समिति बनी है।

### सांसद संजय सेठ ने शपथ ग्रहण किया



सोमवार को 18वीं लोकसभा के सांसद के रूप में संजय सेठ ने शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत सशक्त भारत बनाने के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे। शपथ ग्रहण के उपरांत सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन किया



संसद सत्र शुरू होने के पहले दिन लोकसभा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगवाई की।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार, भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**वृष** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।

**मिथुन** परिश्रम-प्रयत्न से रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** अनायास काम बनेंगे.आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मान-सम्मान मिलेगा. नये लोगों से संपर्क।

**सिंह** आज का दिन काफी अच्छा तथा प्रगतिवर्धक रहेगा. विपरीत स्थितियों में सुधार।

**कन्या** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी, कामकाज अच्छा चलेगा, धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान,परिवार तथा स्वजन मित्रों से सम्पर्क ठीक रहेगा, रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में सफलता।

**धनु** आज का दिन आपके लिए प्रगतिकारक रहेगा, निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद, धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### जेएमएम प्रवक्ता ने प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा पर साधा निशाना

# भ्रष्टाचारियों के संरक्षक हैं बाबूलाल : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इन दिनों बाबूलाल मरांडी झारखंड के भ्रष्टारियों का संरक्षक बनकर उभरे हैं। प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा पर तंज कसते हुए कहा कि व्यापम घोटाला और शारदा चीटफंड घोटाला से जुड़े लोगों को बीजेपी ने झारखंड विधानसभा चुनाव की कमान सौंपी है। कहा कि इनमें से एक विधानसभा के प्रभारी बने हैं और दूसरे सहप्रभारी बने हैं। कहा कि मध्यप्रदेश का व्यापम घोटाला की तर्ज पर ही नीट घोटाला हुआ है। नीट घोटाला से देश के लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में चला गया। कहा यूजीसी नेट में जो गड़बड़ी हुई इससे 9 लाख छात्रों का भविष्य अंधकार में चला गया। कहा मध्य प्रदेश में 10 से 12 साल तक व्यापम घोटाले हुए। कहा इस राज्य के पूर्व सीएम को झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है।



#### वित्त मंत्री पर साधा निशाना

सुप्रियो ने बीजेपी पर तंज करते हुए कहा कि पार्टी यहां सरकार बनाने का सपना देखे, ये गलत नहीं है। लेकिन यहां एक ऐसे नेता को भेज दिया जिसका कारनामा पूरा देश देख चुका है। कहा कि केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के अधीन आता है। कहा कि इस मंत्रालय की मंत्री जो पिछली बार थीं, वो अभी भी हैं। निर्मला सीतारमण का नाम लेकर कहा कि वित्तमंत्री कुछ दिनों पहले झारखंड आयी थीं। कहा वित्तमंत्री के साथ दो लोगों की खास मुलाकात हुई। इन दोनों लोगों से वित्तमंत्री को बाबूलाल मरांडी ने मिलवाया था। इनमें से एक सेना की भूमि के घोटाले के आरोपी हैं, उनसे वित्त मंत्री को मिलवाया। उन्होंने यहां विष्णु अग्रवाल का नाम लिया। दूसरे जो व्यक्ति हैं वे भी चर्चित हैं। अभी चर्चा है कि उनके यहां से एक करोड़ रुपये मिले। कारतूस मिले। कहा कोई कमलेश नाम के आदमी हैं। उनके साथ भी वित्तमंत्री की मुलाकात करायी गयी। कहा ये मुलाकात उस वक्त हुई जब वो इडी की नजर में फरार चल रहा था। इसका मतलब हुआ इडी जिस मंत्रालय के अधीन है, उसकी मंत्री इडी के अभियुक्तों से बात कर रही हैं। इनके साथ बाबूलाल जी हैं। उपर से कहा जाता है कि बीजेपी भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ी है।

#### बीजेपी को दी ये सलाह

सुप्रियो ने आगे कहा कि हमने पहले ही कहा था, आपलोगों को यानी बीजेपी के नेताओं को पर्यटन के ख्याल से झारखंड आना है तो आइये। स्वागत है। लेकिन यहां आकर अनर्गल बयानबाजी मत कीजिये। यहां सरकार बनाने का सपना मत देखिये। कहा कि आपकी संख्या दहाई तक नहीं जायेगी। आपके विधायक की संख्या इकाई में ही रहेगी। कहा, इस बात को आप कान खोलकर सुन लें। कहा कि शिवराज चौहान और हिमंता सरमा भ्रष्टारचार के प्रतीक पुरुष हैं। कहा कि बाबूलाल हाल के दिनों में भ्रष्टाचारियों के संरक्षक बनकर उभरे हैं। कहा उन्हीं के संरक्षण में इडी के तमाम अभियुक्त हैं। कहा बाबूलाल और बीजेपी को जनता माफ नहीं करेगी।

### राज्यपाल से मिला भाजपा विधायकों का शिष्टमंडल

# पाकुड़ से हिंदुओं का पलायन कराने की साजिश में बांग्लादेशी घुसपैठिये: बाउरी

**पाकुड़ की घटना पर जतायी चिंता, कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में भाजपा का शिष्टमंडल मिला। पाकुड़ के गोपीनाथपुर गांव में 17 जून को बकरीद के दिन उपद्रव की घटना का उल्लेख करते हुए विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

शिष्टमंडल द्वारा ज्ञापन के माध्यम से गोपीनाथपुर गांव में तत्काल एक स्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना करने, केंद्रीय पुलिस बल तैनात करने, गोपीनाथपुर की घटना की एक उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई करने, वहां के ग्रामीणों को हुई क्षति की अविलंब क्षतिपूर्ति प्रदान करने की मांग की। शिष्टमंडल ने वहां के ग्रामीणों को अविलंब पक्का मकान, पेयजल,



बिजली, बच्चों के शिक्षण के लिए स्कूल, पूरे राज्य में प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने वाले को चिह्नित कर कार्रवाई करने का आग्रह किया। मीडिया से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पाकुड़ से हिंदुओं का पलायन कराने की साजिश में बांग्लादेशी घुसपैठिये लगे हैं। भाजपा कभी ऐसा नहीं होने देगी। शिष्टमंडल में विधायक नवीन जयसवाल, भानु प्रताप शाही, रणधीर कुमार सिंह, अमित मंडल मौजूद थे।

### पहल : 80 उत्कृष्ट और 325 आदर्श विद्यालयों में होगी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

# आज से इ विद्यावाहिनी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन

**शिक्षक प्राथमिकता के आधार पर न्यूनतम तीन उत्कृष्ट और पांच आदर्श विद्यालय के लिए आवेदन कर सकेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में संचालित 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने की कवायद तेज हो गयी है। इन स्कूलों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।



सीबीएसइ द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमों के आधार पर इन स्कूलों में पढ़ाई होती है। स्कूली शिक्षा- साक्षरता विभाग ने वर्तमान में कार्यरत ऐसे शिक्षकों को आवेदन करने का अवसर दिया है जिन्हे सीबीएससी-आइसीएससी विद्यालयों में पठन-पाठन का अनुभव हो। 25 से 30 जून तक ऐसे शिक्षक इ विद्यावाहिनी वेब पोर्टल के माध्यम से 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक शिक्षक प्राथमिकता के आधार पर न्यूनतम तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय और पांच प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के लिए आवेदन करेंगे। शिक्षक अपने जिले के बाहर के विद्यालयों के लिए भी प्राथमिकता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। इन विद्यालयों में वर्तमान में कार्यरत शिक्षक भी नये सिरे से इन विद्यालयों में सेवा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर शिक्षकों का उन्मुखीकरण सह आकलन के बाद उन्हें विद्यालय में पदस्थापित किया जायेगा।

**स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों का विषयवार डाटा बेस होगा तैयार**

स्कूली शिक्षा-साक्षरता विभाग द्वारा सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध कार्यरत और रिक्त पदों का विषयवार डाटा बेस तैयार करना अनिवार्य है। यह डाटाबेस प्राथमिक-उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग बनाया जायेगा।

**Dr. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand.**

**TENDER NOTICE**

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand hereby invites various Tenders under two bid system **(Part-I: Technical Bid** and **Part -II: Financial Bid)** as cited below:

| Tender No. | Tender Title | Date of Publication |
|---|---|---|
| DSPMU/G/492/24 | Annual Rate Contract for Printing and Supply of Blank Marksheets, Registration Slips and Admit Cards | Date of Publication: 25.06.2024 04:00 PM. Last Date of Submission: 05.07.2024 till 01:00 PM. |
| DSPMU/G/493/24 | Annual Rate Contract for Printing and Supply of Blank Answer Sheets | |
| DSPMU/G/494/24 | Annual Rate Contract for Supply of Cartridges and Toners | |

The detailed information about the above mentioned tenders can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University Website:- www.dspmuranchi.ac.in.

Memo No. : DSPMU/G/495/24
Date : 25.06.2024

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW


# नये वोटर के लिए आज से अभियान

**मतदाता सूची के पुनरीक्षण में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षितः रवि कुमार**

**मतदान केंद्रों की आवश्यकता सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करायें दल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को निर्वाचन सदन में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपेक्षित सहयोग की अपील की। रवि कुमार ने सभी राजनीतिक दलों को लोकसभा निर्वाचन के शांतिपूर्ण समापन की बधाई देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव और मतदाता पुनरीक्षण संबंधी गतिविधियों में उनके अपेक्षित सहयोग के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के मामले में विगत लोकसभा निर्वाचन में पहले से कमी आयी है। राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं के बीच इसके नियमों का प्रचार-प्रसार करते हुए इसके अनुपालन में सहयोग करें। कहा कि नये वोटर के लिए 25 जून से अभियान चलाया जायेगा।

कुमार ने कहा कि राज्य में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें। साथ ही यदि उनके पास मतदाताओं से प्राप्त शिकायतें हैं, तो उसकी सूची ससमय उपलब्ध करायें, ताकि समय रहते उनका समाधान किया जा सके। इस अवसर पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रांची विवि में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान

# मादक पदार्थों के कारोबारियों का मुख्य टारगेट युवा हैं : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा संवाद, शपथ, भाषण, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उच्च-तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार ने कहा कि प्रतियोगी दुनिया में बढ़ते दबाव के कारण युवाओं में मादक पदार्थों की लत लग जाती है, जो देश के लिए घातक है। उन्होंने नो ड्रग्स मुहिम में युवाओं से सक्रिय जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। वहीं, कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबारियों का मुख्य टारगेट युवा हैं, क्योंकि भारत युवाओं का देश है। इसे वे अच्छी तरह से समझते हैं। मादक पदार्थों के विरुद्ध झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे सघन जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने की आवश्यकता है, ताकि पूरे झारखंड को नशे की चपेट से बचाया जा सके।

विभाग के संयुक्त सचिव राजेश कुमार साह, कुलसचिव डॉ बिनोद नारायण, सीसीडीसी डॉ पीके झा समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया।

# वित्तरहित शिक्षाकर्मियों ने 3 तक जैक घेराव को स्थगित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने जैक घेराव का कार्यक्रम 3 जुलाई तक स्थगित कर दिया है। पहले घेराव का कार्यक्रम 26 जून को प्रस्तावित था। अध्यक्ष मंडल की आपात बैठक सर्वोदय बाल निकेतन उच्च विद्यालय धुर्वा में सोमवार को हुई। इसमें सदस्यों ने कहा कि जैक इंटरमीडिएट कॉलेज में नामांकन के लिए जो सीट कम किया था। उसको बढ़ाने के लिए स्कूली शिक्षा-साक्षरता विभाग को पत्र भेज दिया है। पत्र में लिखा है कि छात्रों की संख्या को देखते हुए विधिवत जांच के बाद प्रत्येक संकाय में सीट बढ़ायी गयी थी। लिखा है कि 190 प्रस्वीकृत कॉलेज में मात्र 83 कॉलेज में सीट बढ़ायी गयी है। इधर, संस्कृत और मदरसा शिक्षक प्रतिनिधियों ने बैठक में कहा कि पूरे राज्य में मध्यमा-मदरसा की वार्षिक परीक्षा 25 जून से शुरू होने जा रही है। परीक्षा के समय शिक्षक और कर्मचारियों को रहना जरूरी है। 5 जुलाई को मोर्चा ने राज्य के सभी प्रतिनिधियों की बैठक रांची में बुलायी है। इसमें आगे की रणनीति बनेगी। बैठक में कुंदन कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फजलुल कादरी अहमद, अरविंद सिंह, नरोत्तम सिंह, मनीष कुमार, गणेश महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## सीमा पात्रा के मामले में हाइकोर्ट में मेंटीबिलिटी पर सुनवाई पूरी, फैसला आज

**रांची (आजाद सिपाही)। नौकरानी के साथ क्रूरता मामले में निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने को चुनौती देनेवाली भाजपा की निलंबित नेत्री सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गयी। इस पर कोर्ट मंगलवार को अपना आदेश सुनायेगा। सुनवाई के दौरान इस पर बहस की गयी कि यह मामला क्रिमिनल रिवीजन का है या अपील का। सूचक विवेक बास्की की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन और अधिवक्ता शोभा लकड़ा ने पैरवी की। बता दें कि मामले को लेकर सीमा पात्रा के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। रांची की निचली अदालत ने सीमा पात्रा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाइकोर्ट में चुनौती दी है।**

# एसएस मेमोरियल कॉलेज में सेमिनार



**बीबीए के छात्र-छात्राओं ने जाना मैनेजमेंट में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की भूमिका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के एसएस मेमोरियल कॉलेज के बीबीए विभाग में कार्यशाला का आयोजन रोल ऑफ आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस इन मैनेजमेंट विषय पर किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ तनुज खत्री ने कहा कि एआइ आज एक महत्वपूर्ण विषय बन चुका है, चाहे किसी भी क्षेत्र की बात हो। आने वाले समय में कोई भी सेक्टर इससे अछूता नहीं रहेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए एआइ की भूमिका प्रबंधन में क्या होगी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बताया कि जल्द ही 70 प्रतिशत तक की प्रबंधन व्यवस्था आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस पर निर्भर हो जायेगी। प्रबंधन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है निर्णय लेना। सही डिसिशन मेकिंग के कारण ही व्यक्ति, समूह या संस्थान सभी बढ़ता है। ऐसे में अब यह काम एआइ के द्वारा होगा, या हो भी रहा है। एआइ की मदद से आंकड़े जल्दी और सटीकता से सामने आयेंगे और एआइ उनका विश्लेषण भी करेगा। डॉ तनुज ने बताया कि कई बड़े मल्टीनेशनल्स कंपनी नौकरी के लिए एआइ के द्वारा शुरुआती साक्षात्कार भी लिया जा रहा है। कार्यशाला में कॉलेज की प्राचार्य डॉ वंदना रॉय, डॉ शकील अहमद, डॉ राजेश कुजूर, आकाश कुमार, साक्षी, आदर्श, दीप्ति रानी, ऋषि, तनु, प्रखर समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड हॉकी के चार पदाधिकारी पेरिस ओलंपिक में होंगे शामिल

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हॉकी के पदाधिकारी हॉकी पेरिस ओलंपिक में शामिल होंगे। इन पदाधिकारियों में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा और सीइओ रजनीश कुमार शामिल हैं। इस दौरान असरिता लकड़ा 28 से 31 जुलाई तक, तो वहीं विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार 5 अगस्त से 10 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक खेलों का लुत्फ उठायेंगे। इनका सारा खर्च हॉकी इंडिया की टीम उठायेगी। पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होना है।**

# रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता के विजेता होंगे पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**31 जुलाई तक मांगा गया वृतांत का अनुभव**

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड सभी नागरिकों के लिए हिंदी में रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। रेलकर्मियों सहित जन साधारण की रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेलवे की सुविधाओं को और बेहतर बनाने, उनमें हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार आठ हजार, तृतीय पुरस्कार छह हजार के अलावा पांच को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को चार-चार हजार की राशि-प्रशस्ति, पत्र दिया जायेगा। रेल यात्रा वृतांत हिंदी भाषा में न्यूनतम 3000, अधिकतम 3500 शब्दों का होना चाहिए। रेल यात्रा वृतांत डबल स्पेश में टाइप किया हुआ और चारों तरफ एक-एक इंच का हासिया छूटा हुआ होना चाहिए। नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर, इमेल और वृतांत के शब्दों की संख्या का उल्लेख किया जाना चाहिए। रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिंदी प्रशिक्षण, कमरा नं 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आइटीओ, नयी दिल्ली-110002 को भेज सकते हैं।

## जेएन कॉलेज: भाषण प्रतियोगिता में आशा लिंडा फर्स्ट

**रांची (आजाद सिपाही)। जेएन कॉलेज धुर्वा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मादक पदार्थों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। इसके तहत संगोष्ठी और भाषण प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ अबरार अहमद के अध्यक्षता में हुई। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान आशा लिंडा को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर कुमारी अभिलाषा और तीसरे स्थान पर अभय उरांव, कंचन प्रिया और मानवी कुमारी रहीं। संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ टेरेसा टुडू और समीर गुंजन लकड़ा ने किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ सुंदरम, डॉ पार्वती, डॉ अंजू और प्रो जय थे। वहीं, प्राचार्य डॉ अबरार अहमद ने नशापान से होने वाले दुष्परिणामों से सबको अवगत कराया।**

# मारवाड़ी कॉलेज के तीन छात्रों को 4.25 लाख का पैकेज

**इएसएएफ बैंक में नौकरी के लिए मिला ऑफर लेटर**

**ऑनलाइन परीक्षा 6 मार्च और ऑनलाइन साक्षात्कार 22 मार्च को हुआ था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस ड्राइव में कॉलेज के तीन विद्यार्थियों का इएसएएफ बैंक में वार्षिक पैकेज 4.25 लाख रुपये सहित इंसेंटिव के साथ चयन हुआ है। कैंपस ड्राइव में कॉलेज के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। ऑनलाइन परीक्षा 6 मार्च और ऑनलाइन साक्षात्कार 22 मार्च को हुआ था। इसके बाद ऑफलाइन साक्षात्कार 31 मई को लिया गया। चयनित में एमकॉम से प्राची महरवार, एमसीए से रानी कुमारी और आकाश कुमार शामिल हैं। स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा के बाद इनकी ज्वाइनिंग झारखंड के अलग-अलग बैंक ब्रांच में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी ग्रेड बी-1 के रूप में होगी। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ आरआर शर्मा, कंप्यूटर साइंस विभाग के समन्वयक डॉ संतोष रजक, प्लेसमेंट सेल सहायक समन्वयक अनुभव चक्रवर्ती और एमसीए विभाग की शिक्षिका दीप्ति प्रसाद और अनुभूति श्रीवास्तव ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। सोमवार को प्राचार्य के हाथों सभी विद्यार्थियों को ऑफर लेटर दिया गया।

## जुलाई तक केंद्र से मिलेगी स्वीकृति, एक किलोमीटर सड़क पर खर्च होगा 30 करोड़

# राजधानी में 90 किलोमीटर आउटर रिंग रोड बनाने की योजना

**झारखंड ने केंद्र सरकार को भेजी सर्वे रिपोर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए तीन फेज का सर्वे हो गया है। अन्य एक चरण का सर्वे अंतिम चरण में है। पथ निर्माण विभाग ने सर्वे करा कर रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेज दी है। जुलाई तक यह केंद्र सरकार से क्लियर हो जायेगा कि इस साल कितने चरणों में आउटर रिंग रोड पर काम प्रारंभ किया जायेगा। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि यह प्रयास हो रहा है कि पहले चरण पर काम प्रारंभ कराया जाये। दोनों चरणों को मिला कर 90 किमी रोड इस साल बनेगी। पहले चरण में 48 किमी रोड बनेगी। छह लेन रोड बनाने का प्रस्ताव है। सर्वे में जमीन की उपलब्धता देख ली गयी है। अधिकांश भूमि ग्रीन फील्ड है या बिना विवाद के है। ऐसे में इसका अधिग्रहण आसानी से किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की घोषणा के बाद इसके कार्य में तेजी आयी है। चार चरणों में इसे बनाया जाना है। केंद्र सरकार इसके निर्माण के लिए राशि आवंटित करेगी। इंजीनियरों के अनुसार करीब 6000 करोड़ रुपये इसके निर्माण में खर्च आने का अनुमान है। एक किमी रोड में करीब 30 करोड़ खर्च आयेगा। केंद्र सरकार के द्वारा चयनित कंसलटेंट एजेंसी एमएसजी इसका डीपीआर बना रही है।

**194 किमी की आउटर रिंग रोड :** आउटर रिंग रोड की लंबाई करीब 194 किमी होगी। यह एनएच 33 रांची-रामगढ़ रोड से शुरू होकर नेशनल हाइवे 75 के मांडर के पास तक जायेगी। यहां से दूसरा फेज एनएच 23 रांची-गुमला मार्ग में इटकी तक जायेगा। वहां से एनएच 75 एक्सटेंशन रांची-चाइबासा रोड पर कालामाटी के पास निकलेगा। इसके बाद एनएच 33 रांची-टाटा रोड होते हुए अनगड़ा से एनएच 33 तक जायेगा।

### ट्रैफिक का लोड रांची में होगा कम

**रांची में आउटर रिंग रोड का एक सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि शहर में ट्रैफिक की भीड़ कम हो जायेगी। क्योंकि बाहर से आने वाले भारी वाहन शहर के मुख्य क्षेत्रों को बाइपास कर देंगे। खासतौर पर पलामू, गुमला, हजारीबाग और मध्यप्रदेश के भारी मोटर वाहन आउटर रिंग रोड का इस्तेमाल करेंगे। रांची की वर्तमान जनसंख्या लगभग 28 लाख है। यदि बाहरी क्षेत्र के लोगों को जोड़ लिया जाये, तो जनसंख्या करीब 36 लाख तक पहुंच जायेगी। रियल इस्टेट के कारोबार के लिए यह रोड काफी प्रभावी होगी।**

## महत्वपूर्ण खबरें

### नशा के खिलाफ डोरंडा कॉलेज से निकली रैली




रांची (आजाद सिपाही)। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत डोरंडा महाविद्यालय में जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने किया। रैली महाविद्यालय से निकलकर जन-जन का एक ही नारा नशा मुक्त प्रदेश हो हमारा, डोरंडा कॉलेज ने ठाना है नशा मुक्त झारखंड बनाना है जैसे नारे लगाते एजी मोड होते हुए पुनः कॉलेज में आकर रैली समाप्त हुई। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कंचन मुंडा, प्रो मार्शल पूर्ति, प्रो अरविंद कुमार, अवधेश ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

### गोस्सनर कॉलेज: बीए मास कम्युनिकेशन में सीधा नामांकन

रांची (आजाद सिपाही)। गोस्सनर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन विभाग में तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2024-2027 में नामांकन प्रक्रिया जारी है। न्यूनतम 45 प्रतिशत प्राप्तांक से 12वीं उत्तीर्ण किसी भी संकाय के विद्यार्थी इसमें सीधा नामांकन ले सकते हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर नामांकन फार्म भर सकते हैं। नामांकन के लिए कार्यालय अवधि में कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। नामांकन के लिए अपने साथ नामांकन फार्म, इंटर का एडमिट कार्ड, मार्क्स शीट, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य जरूरी प्रमाणपत्रों के साथ विभाग में संपर्क किया जा सकता है। एसटी-एससी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी है। साथ ही बीपीएल श्रेणी में आने वाले विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क में विशेष छूट भी दी जा रही है। फोटोग्राफी, फिल्म निर्माण, ब्लॉगिंग, मीडिया, कंटेंट राइटिंग आदि से जुड़े लोग भी नामांकन के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने रांची विवि के कुलपति को ज्ञापन सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। जिला एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिला और ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में नयी शिक्षा नीति दो वर्ष पूर्व लागू की गयी है, लेकिन अभी भी बहुत से महाविद्यालय की लाइब्रेरी में नयी शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकों की व्यवस्था नहीं है। जल्द से जल्द सभी महाविद्यालय के लाइब्रेरी में पुस्तकों की व्यवस्था की जाये, ताकि छात्र अपने महाविद्यालय से पुस्तकों को लेकर पढ़ सकें। कुलपति ने आश्वस्त किया कि मांग जायज है। इसका निदान जल्द होगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, सचिव अंकिता शेखर, शम्स बिलाल, सरफराज अहमद, आतिश मुंजनी, आमिर मुमताज समेत अन्य उपस्थित थे।

### अडानी समूह ने शिविर में 41 ने किया रक्तदान, डॉक्टरों ने कहा-यह पुण्य का काम




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी के 62वें जन्मदिन पर सोमवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अडानी फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें अधिकारियों, कर्मियों और ग्रामीणों ने उत्साह से भाग लिया। 41 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना था। चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई नुकसान नहीं है, बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। इससे बड़ा जीवन में पुण्य का कोई काम दूसरा नहीं हो सकता। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोंदुलपारा खनन परियोजना के प्रमुख संजय कुमार, डीजीएम कुमार विवेक, एसके सिंह, पुंडरीक मिश्रा, एचआर अधिकारी आशीष कुमार, एडमिन प्रबंधक भीखम सिंह, राहुल राज समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अडानी समूह के द्वारा हजारीबाग के बड़कागांव में फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक सहभागिता के लिए समुदायों के साथ मिलकर विभिन्न कार्य संचालित हो रहे हैं। इन प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की पहल की जा रही है।

### कथारा क्षेत्र से स्वच्छता जागरूकता रथ को रवाना किया गया




रांची (आजाद सिपाही)। कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय कथारा से स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता जागरूकता रथ कथारा क्षेत्र की सभी परियोजनाओं, इकाइयों, कॉलोनियों और आसपास के गांवों का भ्रमण करेगा। स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन उप प्रबंधक सीएसआर चंदन कुमार द्वारा कोयला मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार 14 जून से 30 जून तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान कार्यक्रम कार्मिक और प्रशासन जयंत कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, जिससे सभी निवासियों और कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता जागरूकता रथ के माध्यम से स्वच्छता का महत्व हर व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं।






## विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस की बैठक

# मल्लिकार्जुन खड़गे से मिला मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अगले 4 महीने में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में सोमवार को मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर सहित कई अन्य लोग शामिल हुए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झारखंड के जल, जंगल, जमीन व जनजाति समाज समेत सभी वर्गों के अधिकारों के प्रति पूर्णता समर्पित है। बीजेपी ने षड्यंत्रकारी राजनीति कर झारखंड की अस्मिता का अपमान किया है। आनेवाला विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को जनता के बीच रहना है। सामाजिक न्याय व सहभागिता के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है।

### सभी दल चुनाव की तैयारी में जुट गये हैं

गौरतलब है कि हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव के बाद अब बारी प्रदेश में विधानसभा चुनाव की है। कांग्रेस पार्टी ने सीट और वोट शेयरिंग हासिल करने के लिहाज से 2019 के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस ने इस बार 2 संसदीय सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, वोट शेयरिंग भी बढ़ा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा भी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू सोरेन लगातार दौरा कर रही हैं। बीजेपी ने भी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन के कार्यक्रमों की सूची जारी कर दी है।



### दिल्ली की बैठक में ये नेता रहे शामिल

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, केंद्रीय महासचिव डॉ अजय कुमार, प्रणव झा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, सांसद सुखदेव भगत, सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व सांसद डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, फुरकान अंसारी, सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय सिंह, रवींद्र सिंह, जयशंकर पाठक, संजय लाल पासवान, मानस सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो, केएन त्रिपाठी, गीताश्री उरांव, अभिजीत राज, गुंजन सिंह शामिल थे।

## बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में सरकार की नाकामी के खिलाफ गुस्सा फूटा

# आजसू पार्टी ने निकाला आक्रोश कैंडल मार्च

**कहा- राज्य के लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह से नाकाम रही है गठबंधन सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को आजसू पार्टी रांची महानगर ने ओरमांझी में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और सरकार की नाकामी, प्रशासन की विफलता के विरोध में आजसू पार्टी द्वारा रांची यूनिवर्सिटी गेट से फिरायालाल चौक तक आक्रोश कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। कैंडल मार्च का नेतृत्व आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी को पीड़ित बच्ची एवं उनके परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति है एवं आजसू पार्टी के द्वारा उन्हें हर संभव सहायता दी जायेगी। पीड़ित बच्ची के साथ जो हुआ वो जघन्य अपराध है और सरकार एवं प्रशासन से मांग करते हैं कि न्यायोचित कार्रवाई करते हुए अपराधी को सजा, पीड़ित एवं उसके परिवार को समुचित सुरक्षा, उचित मुआवजा अविलंब प्रदान की जाये। आजसू पार्टी न्याय की मांग करती है, न्याय नहीं मिलने पर आजसू पार्टी चरणबद्ध उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। रमेश गुप्ता ने कहा कि गठबंधन सरकार मतलब जंगल राज हरेक वर्ग परेशान है, जनता जल्द जवाब देगी।

बंटी यादव ने कहा मौजूदा झारखंड सरकार राज्य के लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह से नाकाम रही है आये दिन चोरी, डकैती, चेन छिनतई, बलात्कार आदि घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है, अपराधियों का मनोबल चरम पर है। जनता देख रही है आने वाले विधानसभा चुनाव में यही जनता जनार्दन इस निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यालय प्रभारी बनमाली मंडल, आजसू पार्टी रांची महानगर महासचिव रमेश गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष बंटी यादव, सुनील यादव, उपाध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद, टीके मुखर्जी, सचिव जय श्रीवास्तव, दयाशंकर झा, सुनील सिंह, राहुल तिवारी, सुदीप वर्मा, खुशबू, काजल, बबिता, आंचल आदि शामिल हुए।




# गैरकानूनी ढंग से संचालित ड्रामा बार के मालिक और मैनेजर को जेल

**उत्पाद विभाग ने पिछले 10 दिनों में 26 बार-रेस्तरां की जांच की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र में बिना लाइसेंस के बार चलाने के आरोप में पुलिस ने संचालक गौरव सिंह और मैनेजर अभिमन्यु सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने सोमवार को बताया कि बिना लाइसेंस के ड्रामा बार चलाने और दस बजे के बाद भी तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर यह कार्रवाई की गयी है। दोनों की मेडिकल जांच करा कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि बीते दिनों रांची के मेन रोड में स्थित एक्सट्रीम बार में ग्राहकों के साथ बाउंसरों ने मारपीट की थी। मारपीट के बाद डीजे संचालक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। मामले की सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने बार रेस्टोरेंट के संचालन में नियम-कानून की अनदेखी पर कड़ी टिप्पणी की थी।

कोर्ट ने उत्पाद विभाग और प्रशासन को हर हाल में रात्रि 12 बजे बार बंद कराने का निर्देश दिया है। इसके बाद उत्पाद विभाग और रांची पुलिस हरकत में आ गयी है। उत्पाद विभाग ने पिछले 10 दिनों में 26 बार-रेस्तरां की जांच की। इन सभी में शर्तों का उल्लंघन मिला। इसके बाद संबंधित बार संचालकों को शो-कॉज करते हुए जवाब मांगा गया है।

# मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के अध्यक्ष



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को तुरंत दुरुस्त करें : डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को तुरंत दूर करने का डीजीपी अजय कुमार सिंह ने निर्देश दिया है। डीजीपी ने सोमवार को ये बातें समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनकी आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में डीजीपी ने सभी जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी, एसएसपी, एसपी से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, न्यायाधीशों और उनकी आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को अविलंब दूर करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में डीजीपी झारखंड ने न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय परिसरों, कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और पायी गयी त्रुटियों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग और लगातार मॉनिटरिंग करते रहने पर जोर दिया गया।



## बाबूलाल मरांडी पर कांग्रेस का पलटवार, कहा

# भाजपा उड़ा रही संविधान की धज्जियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर पलटवार किया। कहा कि देश में शैक्षणिक आपातकाल लगा हुआ है। भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगी हैं और बाबूलाल मरांडी कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर लगाये गये आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि देश की जनता ने संविधान की रक्षा के नाम पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को वोट दिया। इसमें कांग्रेस कभी पीछे नहीं रहेगी। देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का दायित्व भरोसा करके जनता ने हम पर पर सौंपा है, उनके भरोसे को कायम रखने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में संघर्ष सदन के अंदर से सदन के बाहर तक जारी है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों का सहारा लेकर विपक्ष के नेताओं को जेल भेजने का काम लगातार जारी है। परीक्षाएं रद्द हो रही हैं। झारखंड में होने वाले चुनाव में भी भाजपा औंधे मुंह गिरेगी।

# रेस्तरां बीकानेर प्रीमियम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में प्रतिष्ठित रेस्तरां ब्रांड बीकानेर प्रीमियम का उद्घाटन अशोक नगर रोड नंबर 2 स्थित साईं आर्केड पर किया गया। यह शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट है, जो पूरे देश में काफी प्रचलित है।

इसमें मिठाइयां, वेज थाली के साथ-साथ चाइनीज और बच्चों की पसंदीदा खाद्यान्न की बड़ी रेंज उपलब्ध है। रेस्तरां बीकानेर प्रीमियम के डायरेक्टर स्वप्निल सौरव ने मीडिया को बताया कि हमारे यहां सभी ग्राहक वर्ग और उनकी मांग को देखते हुए मेन्यू डिजाइन किया गया है। सर्वोत्तम ग्राहक सेवा और बेस्ट क्वालिटी फूड देना ही प्राथमिकता है। मौके पर बीकानेर प्रीमियम के अधिकारी और क्षेत्र के कई लोग उपस्थित थे।



# श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में दो दिवसीय मेगा प्लेसमेंट ड्राइव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जेइपीसी मुख्यालय रांची द्वारा शासित आइसीटी झारखंड परियोजना चरण 2 और 3 में कंप्यूटर प्रशिक्षक के पद के लिए एक व्यापक भर्ती अभियान चलाया है। यह संगठन 11 महीने के लिए अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों की तलाश कर रहा है, जिसमें मासिक सीटीसी 10,500 की राशि निर्धारित है और इस राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी प्रत्येक वर्ष किये जाने का प्रावधान है। चयनित उम्मीदवार पूरे झारखंड के विभिन्न प्रखंडों में विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने का कार्य करेंगे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के इस दो दिवसीय कैंपस ड्राइव में 250 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कुलसचिव नमिता सिंह भी इस मेगा प्लेसमेंट ड्राइव को विश्वविद्यालय की एक उपलब्धि बताया। यह मेगा ड्राइव प्लेसमेंट अधिकारी अंकित तिवारी और डॉ आइएन साहू की निगरानी और मार्गदर्शन में संचालित किया गया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# हाइकोर्ट ने सजायाफ्ता दंपति को नहीं दी जमानत

**रांची के ओरमांझी में युवती की सिरकटी लाश मामले में हुई है उम्रकैद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में रांची के ओरमांझी में वर्ष 2021 में एक युवती का सिर कटा शव मिलने के मामले में सजायफ्ता शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफसाना खातून की क्रिमिनल अपील की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने हत्या के दोषी शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफसाना खातून को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। साथ ही उन पर 95-95 हजार रुपये जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि इन दोनों दोषियों को अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा।

3 जनवरी 2021 को रांची के ओरमांझी में एक युवती का सिर कटा शव पुलिस ने बरामद किया था। मृत युवती की पहचान मांडर के लोयो गांव की सूफिया परवीन के रूप में हुई थी। युवती की पहचान होने के बाद पुलिस ने 14 जनवरी 2021 को शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफशाना को गिरफ्तार किया था। बताया जाता है कि युवती की हत्या अवैध संबंध में हुई थी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 19 गवाहों का बयान दर्ज कराया था। बता दें कि इस घटना के बाद रांची में जोरदार हंगामा हुआ था। 4 जनवरी 2021 को रांची के किशोरगंज चौक पर सड़क जाम कर रही भीड़ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिले को भी रोकने की कोशिश की थी, जिसको लेकर भैरव सिंह समेत कई लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

## कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के पीएस का निधन

**रांची (आजाद सिपाही)।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के सरकारी पीएस राकेश दुबे का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि रात में खाना खाने के बाद वह सोये थे। सोमवार की सुबह जब वह काफी देर तक नहीं उठे, तो उनके परिजनों ने उन्हें उठाने की कोशिश की। तब उन्हें मृत पाया गया। राकेश दुबे पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित सेल सिटी में रहते थे। वह अगले साल आइएएस रैंक में प्रोन्नत होनेवाले थे। बता दें कि राकेश दुबे झारखंड राज्य प्रशाशनिक सेवा के अधिकारी थे।

## झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार

# 52 सीटों पर पिछड़ने के बाद इंडी गठबंधन बदहवासः प्रतुल

**भ्रष्टाचार पर झूठा लेक्चर देने से पहले याद रखें इनके पूर्ववर्ती सरकार के नंबर वन और नंबर दो जेल में बंद हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद इंडी गठबंधन बदहवास है। प्रतुल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के नंबर वन और नंबर 2 पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्व संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम दोनों जेल में बंद हैं। हेमंत सोरेन पर आदिवासी की जमीन हड़पने का आरोप लगा है और आलमगीर आलम पर 3000 करोड़ रुपये के टेंडर कमीशन घोटाले का आरोप लगा है। प्रतुल ने कहा हेमंत सोरेन पार्ट वन में 70,000 करोड़ के घपले-घोटाले का आरोप लगा था। हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार में भी घोटाला संस्थागत रूप ले चुका है।

प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनाव के परिणाम से बदहवास हो गया है। 52 सीटों पर एनडीए गठबंधन आगे था और कभी 48 सीटों पर काबिज सत्ताधारी गठबंधन सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया है। वह भी तब जब इन्होंने चुनाव पूर्णता स्थानीय मुद्दों पर लड़ा था।

प्रतुल ने कहा कि भ्रष्टाचार का इस राज्य सरकार में ये आलम है कि जिस शाख पर देखें भ्रष्टाचारी ही बैठा है। कई पूर्व आइएएस और बड़े अधिकारी जो सरकार के चहते हुआ करते थे, वह जेल में बंद हैं। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। यह सरकार अब अपनी राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर ऐसे बड़े-बड़े घोषणा कर रही है जिसका डीपीआर भी बनना संभव नहीं है। मूर्त रूप तो लेने की बात बहुत दूर की कौड़ी हो गयी।



## बड़ा तालाब से शव बरामद, जांच में जुटी है पुलिस

**रांची।** पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब से सोमवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। इसके बाद मामले की सूचना कोतवाली थाना को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक की पहचान किशोरगंज रोड नंबर तीन निवासी राजेश तिवारी के रूप में हुई है। राजेश तिवारी के भाई ने कोतवाली थाना में यूडी केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि वह डिप्रेशन में था और मानसिक रूप से विक्षिप्त था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# दहेज हत्या मामले में पति और सास गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिल्ली थाना पुलिस ने दहेज हत्या मामले में आरोपित पति भानू प्रताप सिंह मुंडा और सास पार्वती मुंडा को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि 22 जून को थाना में पूजा रानी देवी की हत्या को लेकर सिल्ली थाना में उसकी मां लक्ष्मी देवी ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि उनकी सास और रिश्तेदार के द्वारा उनकी बेटी की मारपीट कर हत्या कर दी गयी। मामले में अनुसंधान के क्रम में पति और सास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# तीस्ता पर भारत और बांग्लादेश में सहमति

बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना की दो दिवसीय भारत यात्रा दोनों देशों के रिश्तों की करीबी को एक बार फिर रेखांकित कर गयी। इस यात्रा के दौरान वैसे तो दोनों देशों के बीच 10 समझौतों और सहमतिपत्रों पर हस्ताक्षर हुए, लेकिन खास तौर पर ध्यान खींचा तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर भारत द्वारा टेक्निकल टीम भेजे जाने के प्रस्ताव पर बनी सहमति ने। यह सहमति भारत के पड़ोसी देशों में अपना दखल बढ़ाने की चीनी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिहाज से खासी अहम मानी जा रही है। तीस्ता नदी जल बंटवारा दोनों देशों के बीच एक जटिल मसला माना जाता रहा है। 2011 में ही दोनों देशों के बीच तीस्ता जल बंटवारे के एक फॉर्म्युले पर सहमति बन गयी थी, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के चलते उस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। इस पृष्ठभूमि में चीन ने 2020 में तीस्ता नदी के प्रबंधन और संरक्षण में दिलचस्पी दिखानी शुरू की। इससे जुड़ी भारत की चिंताओं के मद्देनजर मामले की संवेदनशीलता से सभी पक्ष वाकिफ थे। लिहाजा बात खास आगे नहीं बढ़ी। मगर पिछले साल दिसंबर में ढाका में चीन के राजदूत ने फिर से इस मामले को उठाया। इस बार चीन ने बांग्लादेश के सामने एक संशोधित प्रस्ताव भेजा, जिसमें लागत पहले के मुकाबले कम दिखायी गयी थी। श्रीलंका, नेपाल, मालदीव जैसे देशों के उदाहरणों की रोशनी में देखें तो चीन का यह रुख नया नहीं था, लेकिन बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी रिश्तों के मद्देनजर तीस्ता जल बंटवारे को लेकर उभरी असहमति ऐसी नहीं थी कि उससे दोनों देशों के बीच संदेह और अविश्वास की गुंजाइश बनती। स्वाभाविक ही दोनों पक्षों ने समय रहते अलग-अलग स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत के जरिए अपनी इस समझ को मजबूती दे दी कि साझा हितों से जुड़े मसलों पर तीसरे पक्ष को प्रवेश करने देना ठीक नहीं। दोनों देशों की यही साझा सोच तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन के मसले पर भारत की टेक्निकल टीम के बांग्लादेश जाने पर बनी ताजा सहमति में नजर आती है। जानकारों के मुताबिक इसका खास पहलू यह है कि टीम इस सवाल पर भी विचार करेगी कि मॉनसून से मिलने वाले अतिरिक्त पानी के रखरखाव के लिए किसी जलाशय के निर्माण की वास्तव में जरूरत है भी या नहीं। समझा जाता है कि चीन की ओर से बांग्लादेश को यही प्रस्ताव किया गया था। हालांकि शेख हसीना अगले महीने चीन की यात्रा पर जाने वाली हैं। चीन से भी बांग्लादेश के अच्छे आर्थिक और व्यापारिक रिश्ते हैं, लेकिन तसल्ली की बात यह है कि बांग्लादेश दूसरे देशों के साथ करीबी बनाते और बढ़ाते हुए भारत की सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी नहीं होने देता।

**दोनों देशों के बीच 10 समझौतों और सहमतिपत्रों पर हस्ताक्षर हुए, लेकिन खास तौर पर ध्यान खींचा तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर भारत द्वारा टेक्निकल टीम भेजे जाने के प्रस्ताव पर बनी सहमति ने।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**वर्ष 1937 से लेकर 1941 तक फजलुल हक और लीगी सरकार चली और इससे ब्रिटिश हुकूमत ने फूट डालो और राज करो की नीति को मुस्लिम लीग की आड़ में हवा दी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस स्थिति में बदलाव के लिए सर्वप्रथम राजनीतिक जरूरत को समझा और 1941 में बंगाल को मुस्लिम लीग मुक्त करावा कर फजलुल हक के साथ गठबंधन करके नयी सरकार बनायी।**

# राष्ट्रवादी राजनीति के नायक : श्यामा प्रसाद मुखर्जी



सुखदेव वशिष्ठ




डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 को कलकत्ता में शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी आशुतोष मुखर्जी के घर में हुआ था। कलकत्ता विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन करने के बाद 1926 में सीनेट के सदस्य बने। साल 1927 में उन्होंने बैरिस्टरी की परीक्षा पास की। 33 साल की उम्र में कलकत्ता यूनिवर्सिटी के कुलपति बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान रबिंद्रनाथ टैगोर ने बंगाली में विवि के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

**बंगाल विभाजन :** 1905 के बंगाल विभाजन से जिस सांप्रदायिक विभाजन का बीज लॉर्ड कर्जन ने डाला था, 1946 तक इसका विस्तार संपूर्ण भारत में परिलक्षित हो रहा था। विभाजन की उठती मांगों के बीच मुखर्जी इस बात को समझ चुके थे कि मुस्लीम लीग बंगाल को पाकिस्तान का भाग बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी और वो कर भी रही थी। वर्ष 1937 से लेकर 1941 तक फजलुल हक और लीगी सरकार चली और इससे ब्रिटिश हुकूमत ने फूट डालो और राज करो की नीति को मुस्लिम लीग की आड़ में हवा दी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस स्थिति में बदलाव के लिए सर्वप्रथम राजनीतिक जरूरत को समझा और 1941 में बंगाल को मुस्लिम लीग मुक्त करावा कर फजलुल हक के साथ गठबंधन करके नई सरकार बनायी। यह सरकार श्यामा-हक कैबिनेट के नाम से मशहूर हुई। इस सरकार में डॉ मुखर्जी वित्तमंत्री बने थे। सरकार का हिस्सा बनने के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल की स्थिरता के लिए काम किया। विधानसभा में मुस्लिम सीटों की बढ़ोत्तरी, दलितों के लिए अलग मतदान की व्यवस्था से लेकर कई प्रावधानों ने यह सुनिश्चित कर दिया था कि हिंदू बंगाल में दूसरे दर्जे के नागरिक बन कर रहें। यह स्थिति अगस्त, 1946 में कलकत्ता में हुए सांप्रदायिक हिंसा और उसके ठीक सात सप्ताह बाद नोआखली में हुई सांप्रदायिक हिंसा से और बिगड़ गयी। ऐसा भी प्रतीत होता है कि इन दंगों ने हिंदू समाज में इस चेतना का प्रसार किया कि अगर वह विभाजित यूनाइटेड बंगाल का हिस्सा बनते हैं, तो उनकी स्थिति कैसी होगी। फरवरी 1947 में मुखर्जी के नेतृत्व में हिंदू महासभा ने धार्मिक आधार पर बंगाल को विभाजित करने की मांग रखी।

**डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 को कलकत्ता में शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी आशुतोष मुखर्जी के घर में हुआ था।**

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा कि चूंकि जिन्ना के अनुसार हिंदू और मुस्लिम दो अलग-अलग राष्ट्र हैं और मुसलमानों का अपना राज्य होना चाहिए, इसलिए बंगाल में हिंदू, जो क्षेत्र की लगभग आधी आबादी है, अच्छी तरह से मांग कर सकते हैं कि उन्हें मुस्लिम प्रभुत्व के तहत रहने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।**

इस मांग की आड़ में सबसे बड़ी बाधा बने बंगाल के प्रधानमंत्री हुसैन शहीद सुहरावर्दी, जो आगे चल कर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी बने। सुहरावर्दी का मानना था कि इससे नये राष्ट्र को आर्थिक आपदा का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि सभी जूट मिलें, कोयला खदानें और औद्योगिक संयंत्र राज्य के पश्चिमी हिस्से में चले जायेंगे, क्योंकि सबसे बड़ा शहर कलकत्ता पश्चिम बंगाल का हिस्सा बनता। सुहरावर्दी के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए ही बंगाल में डायरेक्ट एक्शन डे जैसा काला दिन आया और हजारों लोग मारे गये। श्यामा प्रसाद मुखर्जी राज्य में सामाजिक स्थिति को समझते थे। बंगाल अगर पाकिस्तान का हिस्सा बनता है, तो यह तय था कि हिंदुओं को मुस्लिम प्रभुत्व में रहना पड़ता। वाइसराय माउंटबेटन को लिखे एक पत्र में मुखर्जी ने तर्क दिया, यदि पिछले दस वर्षों में बंगाल के प्रशासन का कभी भी निष्पक्ष सर्वेक्षण किया जाये, तो यह प्रतीत होगा कि हिंदुओं को न केवल सांप्रदायिक दंगों और अशांति के मुद्दों पर शोषण किया गया है, बल्कि इस सूची में राष्ट्रीय गतिविधियों के हर क्षेत्र शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक और यहां तक कि धार्मिक नीतियां भी शामिल हैं।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा कि चूंकि जिन्ना के अनुसार हिंदू और मुस्लिम दो अलग-अलग राष्ट्र हैं और मुसलमानों का अपना राज्य होना चाहिए, इसलिए बंगाल में हिंदू, जो क्षेत्र की लगभग आधी आबादी है, अच्छी तरह से मांग कर सकते हैं कि उन्हें मुस्लिम प्रभुत्व के तहत रहने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

मुखर्जी इस बात पर जागरूकता फैलाते रहे कि एकीकृत बंगाल का विचार एक आभासी पाकिस्तान है।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के महान सपूत थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें अंतरिम सरकार में शामिल किया। डॉ मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाने स्थापित करवाये। उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलीन होना पड़ा।

नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के बीच हुए समझौते के पश्चात 6 अप्रैल 1950 को उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकरजी से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। 1951-52 के आम चुनावों में राष्ट्रीय जनसंघ के तीन सांसद चुने गये, जिनमें एक डॉ मुखर्जी भी थे। तत्पश्चात उन्होंने संसद के अंदर 32 लोकसभा और 10 राज्यसभा सांसदों के सहयोग से नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया। डॉ मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी। अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिंदू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया।

इस बात पर दृढ़ थे कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। वह चाहते थे कि कश्मीर में जाने के लिए किसी को अनुमति न लेनी पड़े। 1953 में आठ मई को वो बिना अनुमति के दिल्ली से कश्मीर के लिए निकल पड़े। दो दिन बाद 10 मई को जालंधर में उन्होंने कहा था कि हम जम्मू कश्मीर में बिना अनुमति के जायें, ये हमारा मूलभूत अधिकार होना चाहिए। 11 मई को वो श्रीनगर जाते वक़्त गिरफ्तार कर लिये गये। उन्हें वहां के जेल में रखा गया। 22 जून को उनकी तबीयत खराब हो गयी और 23 जून को उनका रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गयी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी निश्चित ही राष्ट्रवादी राजनीति के नायक हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# आपातकाल की 50वीं बरसी आज भाजपा काला दिवस मनायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से आगामी 6 जुलाई तक पंद्रह दिवसीय पखवाड़ा में भाजपा महानगर अलग अलग कार्यक्रम का आयोजन करेगी। 25 जून को लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल की 50वीं बरसी पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। सोमवार को साकची जिला भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्षों एवं कार्यक्रम प्रभारियों की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया पंद्रह दिवसीय पखवाड़े के दौरान बूथों पर पौधरोपण किया जाएगा। इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकताओं की होगी। बूथ स्तर पर कम से कम 10 पौधे रोपने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है। स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत के तहत जलस्त्रोतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने मंडल अध्यक्ष और प्रभारियों से कार्यक्रमों को शत प्रतिशत संपन्न कराने की अपील की।

**देश में इमरजेंसी की 50वीं बरसी को भाजपा काला दिवस के रूप में मनायेगी**

कांग्रेस सरकार में पूर्व प्रधानमंत्री के द्वारा 25 जून 1975 को देश में लागू किये गए लोकतंत्र के काले अध्याय का 50वीं बरसी को भाजपा महानगर काला दिवस के रूप में मनायेगी। मानगो बड़ा हनुमान मंदिर सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी शामिल होंगे। जहा लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्राणों की आहूति देने वाले सेनानियों को स्मरण किया जाएगा। साथ हीं आपातकाल के समय जेल में यातनाएं सहने वाले सेनानियों को सम्मानित कर आभार व्यक्त की जायेगी। वही आपातकाल पर विडीयो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से नवजवानों और आमजनों को अलोकतांत्रिक आपातकाल पर जागरूक किया जायेगा। बैठक में मंच संचालन अनिल मोदी व धन्यवाद ज्ञापन विजय तिवारी ने किया। मौके पर अभय सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव,जटाशंकर पांडेय, डॉ राजीव, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, अनिल मोदी, पप्पू सिंह,विजय तिवारी,जितेंद्र राय, मोहम्मद निसार,ध्रुव मिश्रा, बबलू गोप, हेमंत सिंह, दीपक झा, बिनोद राय, प्रशांत पोद्दार, संजय तिवारी,राजेश सिंह,अमरेंद्र पासवान, संदीप शर्मा बॉबी, रविन्द्र नाथ सरदार, हलधर दास, हेमेंद्र जैन,त्रिदेव चटराज, दीपक पॉल, सुनील सिंह मुंडा,प्रधान महतो मौजूद रहे।

# संजीव सरदार की पहल पर दो दिव्यांग महिलाओं को ट्राइ साइकिल करायी गयी उपलब्ध




आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधायक संजीव सरदार के पहल पर बागबेड़ा पोस्तो नगर निवासी दिव्यांग अंजना देवी व कीताडीह निवासी ममता कुमारी को ट्राई साइकिल उपलब्ध करवाया गया। सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय से ट्राई साइकिल उपलब्ध होने पर दोनो दिव्यांग महिला व उनके परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए जेएमएम विधायक संजीव सरदार व मौके पर मौजुत सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर उपस्तित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा वर्मा,अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार, सीडीपीओ कार्यालय की पदाधिकारी सुशीला देवी,पुतुल, मुखिया उमा मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर ने संयुक्त रूप से दिव्यांग महिलाओं को ट्राई साइकिल पर बैठाया। वही ट्राई साईकिल पर बैठते ही दोनो दिव्यांग महिला के चेहरे खिल उठे। दिव्यांग महिलाओं के अनुसार आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। ट्राई साइकिल मिलने पर अपने गंतव्य और अन्य जगह आराम से पहुच सकेंगे। इस अवसर पर मुखिया उमा मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता,उप मुखिया संतोष ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि केडी मुंडा, वार्ड सदस्य उमेश पाण्डे, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह,अरविंद पांडे, रिंकू सहित कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के अवसर पर पोटका में रक्तदान शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल शुरू होने की खुशी में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मुखिया देवी कुमारी भूमिज के नेतृत्व में सोमवार को हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत भवन में किया गया। शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का शुभारंभ भारत माता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विद्युतवरण महतो के सुपुत्र कुणाल महतो, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक कुणाल षांडगी, पूर्व सीएस डा.ए के लाल, भाजपा नेता अभय सिंह, भाजपा नेत्री रीता मिश्रा,पार्षद सूरज मंडल उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान सभी दानों में श्रेष्ठ दान है। रक्तदान की भरपाई शरीर में 24 घंटा में ही हो जाता है, इसलिए रक्तदान करने में भयभीत नहीं होवे। रक्तदान से शरीर निरोग रहता है। उन्होंने गर्मी में रक्तदान किए रक्तदाताओं का सराहना किया। वक्ताओं ने मुखिया देवी कुमारी भूमिज के पहल की भी प्रशंसा किया। इस अवसर पर मुखिया पुष्पलता मुंडा,मनोज सरदार,डा.अनूप मंडल, दुलाल मुखर्जी, सीमा मंडल, पंसस अमलिका सरदार, पिंटू भंज,प्रितम राय, जितेंद्र गुप्ता, मोना राय, विष्णु कुंभकार, पप्पू सरकार, दुलाल मंडल, संदीप पालित, माधुरी राणा,मौसी सरदार, कल्पना सरदार, शालिनी मुर्मू सहित अनेक कार्यकताओं का सहयोग रहा। शिविर को सफल बनाने में प्रतिक संस्था ने सहयोग किया। इस अवसर पर माधवी मुंडा,उषा सरदार, मीना देवी,बेली सरदार, प्रशंसा सरकार, श्रेया सरकार,पूनम देवी,चिकी सरदार, सरोजिनी सरदार,बासंती नामता,कल्याणी नामता उपस्थित थीं।

# जिले की विभिन्न पंचायतों में चला नशामुक्त जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** डीसी रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर जिले में 19 जून से 26 जून तक मादक पदार्थों के विरुद्ध विभिन्न माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिला जनसंपर्क कार्यालय के द्वारा सभी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में नुक्कड़-नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों का सेवन करने पर होने वाले दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य और परिवार पर पड़ने वाली प्रभाव, बिक्री और परिचालन में संयुक्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई के प्रावधान पर विस्तृत जानकारी साझा कर लोगो को जागरूक किया गया। मौके पर सरायकेला प्रखंड मुख्यालय व उकरी मोड़ सिनी, खरसावां प्रखंड अंतर्गत तलसाही चौक, टूनियाबेडा , कुचाई प्रखंड मुख्यालय,हाट बजार, राजनगर प्रखंड मुख्यालय, हैंसल, गम्हरिया प्रखंड के एनआईटी मोड़,आदित्यपुर और कांड्रा बजार, चांडील प्रखंड के रेलवे स्टेशन,कपाली, इचागढ़ प्रखंड मुख्यालय, मिलन चौक, नीमडीह प्रखंड मुख्यालय, रघुनाथपुर और कुकड़ू प्रखंड मुख्यालय और तिरुलडीह पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। मौके पर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम के दौरान निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, व्यपार मे संलिप्त तस्करों और उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई करने के साथ समाज में किशोर व युवा वर्ग को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जारहा है। इसके खिलाफ सभी विभागों और एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने का निर्देश दिया गया।

# चैंबर में साइबर फ्रॉड, ऋण की उपलब्धता, निर्यात व्यवसाय ऋण पर सेमिनार आज

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में व्यवसायियों के साथ आये दिन हो रही साईबर फ्रॉड, आईसीआईसीआई बैंक द्वारा व्यापार एवं निर्यात हेतु दी जाने वाली ऋण सुविधाओं व बैंक गारंटी,सप्लाई चेन,बिल डिस्काउंटिंग विषय पर मंगलवार को संध्या 7 बजे एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में आईसीआईसीआई बैंक के एक्सपर्ट इन विषयों पर विस्तृत जानकारी व्यापारियों एवं उद्यमियों को उपलब्ध करायेंगे। सोमवार को यह जानकारी उद्योग उपसमिति के उपाध्यक्ष पुनीत कावंटिया एवं सचिव बिनोद शर्मा ने संयुक्त रूप से दी। उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया ने बताया वर्तमान समय में व्यापारी व उद्यमियों के साथ विभिन्न तरह के फ्रॉड साईबर अपराधियों के द्वारा किया जा रहा है। थोड़ी सावधानी बरतने से इन साईबर अपराधों से बचा जा सकता।आईसीआईसीआई बैंक के द्वारा आयोजित उक्त सेमिनार का मुख्य बिन्दु साईबर अपराध से संबंधित होगा। जिसमें एक्सपर्ट विस्तृत रूप में व्यापारी उद्यमियों को जानकारी उपलब्ध करायेंगे। साथ ही बैंकों के द्वारा इसके लिये क्या कदम उठाये जाएंगे इसकी जानकरी दी जाएगी।

# सुधीर भैया के निधन पर बाबू दिनेश सिंह विवि में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** परम पूज्य और महान कर्मयोगी सुधीर भैया के असामयिक निधन पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बताते चलें कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के परम पूज्य और अघोरमूर्ति महान कर्म योगी सुधीर भैया के असामयिक निधन 19 जून को मुंबई के अस्पताल में रात्रि 9:30 में ब्रह्मलीन हो गये तथा उनके पार्थिव शरीर को 22 जून प्रातः 7:30 अघोर परंपरा के अनुसार प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के प्रांगण में भू समाधि दी गयी। 24 जून को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के' गुरु पद संभव राम सभागार '(ऑडिटोरियम) में महान कर्मयोगी, समाज सुधारक, अघोर





फाइल फोटो परम पूज्य सुधीर भैया और श्रद्धांजलि अर्पित करते विवि के प्राचार्य, शिक्षक और अन्य कर्मचारी।

मूर्ति, श्रद्धेय सुधीर भैया के असामयिक परलोक गमन से आहत विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में भैया जी के जीवन वृतांत को बताया तथा अपने शोक संदेश में कहा कि भैय्या जी ब्रह्मलीन होने से मैं अनाथ हो गया हूं। यह विश्वविद्यालय भैया जी के आर्शीवाद से विकसित हुआ है तथा हम उनके दिखाये गये मार्गदर्शन का पालन करेंगे। ट्रस्ट द्वारा विगत में किये गए कार्य जैसे सामूहिक विवाह समारोह, वस्त्र का वितरण, कंबल का वितरण, छठवर्तियो को प्रसाद सामग्रीयो का वितरण, असहाय को निः शुल्क शिक्षा आदि अनेक सेवा कार्य निरंतर करता रहूंगा। इस शोकसभा मे सभी विभागों के प्राचार्य, प्राध्यापक, पदाधिकारीगण, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर भैया जी को श्रद्धांजलि दिये और 2 मिनट का मौन धारण किया तथा राष्ट्रगान के साथ शोक सभा का समापन किया गया। एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह, कुलसचिव डॉ० ललन कुमार, ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष कुमार, प्रशसनिक पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, सम्पदा अधिकारी राकेश कुमार सिंह और विवि के तमाम पदाधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभाग प्राचार्य और शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी और विश्वविद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित हुए।

## गढ़वा में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के पचपड़वा बाजार में दिनदहाड़े अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया नवाडीह गांव निवासी करार अंसारी के पुत्र तैयब अंसारी (25 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तैयब अंसारी पचपड़वा बाजार में कुछ काम के लिए गया था। इसी दौरान स्कॉर्पियो से आए अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी, जिसमें तैयब अंसारी के सिर में गोली लगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण फिलहाल परिजन बताने से इनकार कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंच गयी है। इस संबंध में थाना प्रभारी वृज कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कई पंचायतों का दौरा किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आभार यात्रा के तहत भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी आज कांडी प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान वे विभिन्न बूथों पर भी गये और वहां के ग्रामीण से रूबरू हुए। तथा बीते लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाने व बीडी राम को तीसरी बार पलामू सांसद बनाने पर लोगो को बधाई दी। ग्रामीणों ने श्री चंद्रवंशी को क्षेत्र की कई समस्याओं से भी अवगत कराते हुए निदान कराने की मांग की। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए सभी समस्याओं को दूर कराने का भरोसा दिलाया। मैके पर सतेंद्र चौबे, रामलाला दुबे, श्रीकांत पांडेय, शशि रंजन दुबे, मनिकांत सिंह, विजय मुखिया, पवन गुप्ता, लखन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रमना में कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड मुख्यालय सर्वेशरी चौक स्थित राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक अध्यक्ष मंसूर अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में दो जूलाई तक पंचायत बूथ से लेकर पंचायत कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला सचिव असरफ अंसारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश के जनता कांग्रेस पार्टी के साथ थी। वही मंसूर अंसारी ने कहा कि आने वाला दिन कांग्रेस का होगा। मौके पर विशुनपुरा अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, महिला प्रखंड अध्यक्ष रागिनी देवी, मंडल अध्यक्ष अमानत हुसैन, असर्फी राम, ग्यासुद्दीन अंसारी, मोबिन अंसारी, मंजूर अहमद, विकाश पाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 143 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



सगमा (आजाद सिपाही)। समाज कल्याण विभाग द्वारा सगमा प्रखंड परिसर में 143 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सगमा के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार ने उपस्थित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड सरकार के समाज कल्याण विभाग ने अच्छी पहल करते हुए राज्य के सभी छात्राओं को विद्यालय आने जाने के लिए साइकिल प्रदान कर रही है। इस मौके पर मुख्यरूप से वीडियो सत्यम कुमार, जिप सदस्य अंजू यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा प्रधान सहायक चोनहास इक्का उपस्थित थे ।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर आज राम साहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100 एम स्प्रिंट और 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 85 की संख्या में बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पखवाड़ा 2024 के तहत जिले में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन होना सुनिश्चित है, जिसमें आज प्रथम दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक महासचिव आलोक मिश्रा उपाध्यक्ष विजय कुमार केसरी कमलेश कुमार गुप्ता और पिंटू बाबू एथलेटिक संघ के वर्किंग सचिव सुशील तिवारी कोषाध्यक्ष



अजय कांत क्रिकेट के प्रशिक्षक सिकंदर इत्यादि लोग उपस्थित थे। वहीं 25 जून को संध्या समय बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा के प्रांगण में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया जायेगा। गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने उक्त कार्यक्रम में ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्यों तथा जिला स्तरीय विभिन्न खेल संघ के लोगों से उपस्थित रहने का अपील किया है। गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि ओलंपिक डे पखवारा पूरे विश्व में 23 जून से 29 जून तक मनाया जायेगा, जिसमें सभी खेल संघ अपना कार्यक्रम करेंगे।

आज बालिका 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी ऋषि दीपांजलि कुमारी काजल कुमारी ने फर्स्ट सेकेण्ड थर्ड अस्थान प्राप्त किया बालक वर्ग में अमित कुमार, मनीष कुमार उदित ऋषि ने अस्थान प्राप्त किया।

## नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया



केतार (आजाद सिपाही)। मादक पदार्थ और नशा मुक्ति को लेकर थाना प्रभारी और बीडीओ ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी और बीडीओ सावित्री कुमारी ने लोहिया समता हाई स्कूल और मध्य विद्यालय केतार के बच्चों के बीच नशा से होने वाले कुप्रभाव की जानकारी दी। साथ ही इससे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया और कहा की नशा किसी भी प्रकार का हो व्यक्ति को विनाश और निर्धनता की ओर ले जाकर मृत्यु के द्वार पर ले जाता है। इसके कारण आज बहुत परिवार टूट रहे हैं। इस मौके पर डॉ. छोटे शर्मा, शिक्षक जवाहर दुबे, दिलीप महत्ता, अनिल राम, गौतम पाल, सोनू सिंह, विकेश कुमार, अंगद, प्रतिमा कच्छप, मध्य विद्यालय केतार के शिक्षक संतोष कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## कांडी बाजार और नाली को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय कांडी गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को अंचलाधिकारी को आवेदन देकर कांडी बाजार और नाली को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। सीओ को सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि यहां की जनता और राहगीर अतिक्रमण से परेशान है। बाजार की स्थानीय लोगों द्वारा सड़क किनारे बने नाली पर दुकान लगाकर और नाली में मिट्टी भरकर नाली को बंद कर दिया गया है।नाली का पानी नाली में न बहकर सड़क पर बह रहा है। नाली का गंदा और बदबूदार पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे महामारी होने की संभावना है। पिछले दिनों स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर भरा पानी में धान की रोपनी कर अपना विरोध दर्ज कराया था। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से कांडी बाजार व नाली को अतिक्रमण मुक्त करने की गुहार लगाये हैं। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने भी ग्रामीणों के मांग को सही ठहराते हुए आवेदन पर अपनी अनुशंसा करते हुए कहा है कि कांडी बाजार व नाली को यथाशीघ्र अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई किया जाये। नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। पूरे बाजार क्षेत्र में जलजमाव हो गया है। इस पर शीघ्र कार्रवाई जरूरी है। पिछले सात वर्षों से सड़क व नाली का निर्माण कार्य पूरा नही हुआ।

आवेदन प्राप्त करते हुए सीओ राकेश सहाय ने कहा कि 25 जून को मापी कर सीमांकन किया जायेगा उसके बाद बाजार व सड़क से अतिक्रमण हटाए जायेंगे। अंचलाधिकारी को आवेदन देने वालों में विजय प्रसाद,कृष्ण कुमार सोनी, पंकज कुमार, राजन सोनी, रमेश साह, राजेन्द्र लाल, समसाद राइन, गौरव कुमार, मनोज प्रसाद, बाबू लाल प्रसाद, मोती प्रसाद पाल, गुड्डु सोनी सहित सैंकड़ो लोग शामिल हैं।

## महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहा स्वयं सहायता समूह

जितेंद्र यादव

**डंडई।** प्रखंड के रारो पंचायत सचिवालय भवन में स्वयं सहायता समूह के एलसीआरपी रवीना खातून के अध्यक्षता में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बैठक की गयी। जिसमे कई स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई। बैठक में महिलाओं को संबोधित करते हुए रवीना खातून ने कहा कि महिलाएं आज स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है। वहीं महिलाओं को प्रशिक्षण देखकर जैविक खाद को तैयार करना व किसानों से मिलकर पशुओं में होने वाले रोग का रोक थाम के लिए समय-समय पर टीकाकरण करने की जानकारी दी गयी।



महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार सृजन कर आत्मनिर्भर बन रही है। आत्मविश्वास के साथ महिलाएं कंधे में कंधा मिलाकर स्वरोजगार से लाखो रुपये की कमाई कर रही है। बैंक से लोन लेकर कई महिलायें किराना दुकान, कपड़ा दुकान, पशुपालन सहित अन्य बिजनेस कर रही हैं और उससे होने वाले बचत से अपने घर परिवार के आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है। बता दे कि डंडई प्रखंड के 9 पंचायतों में कुल 750 सखी मंडल में करीब 7752 महिलाए समूह से जुड़ी है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी प्रखंड के रारो गांव के बेलवाटीकर टोला निवासी सीमा देवी ने बताया कि पिछले कई वर्षो से स्वयं सहायता समूह से जुड़कर काम कर रही हूं। समूह से जुड़ा तो सौ रुपये की कमाई से शुरू कर आज वित्तीय साक्षरता की ट्रेनिंग देकर प्रति माह पांच हजार से सात हजार रूपए की कमा रही हूं। एक समय ऐसा था की अपने पति के आमदनी के भरोसे रहना पड़ता था। आज घर के विकास में अपने पति से कदम से कदम मिलाकर चल रही है। स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित हो रहा है। बड़ी संख्या में महिलाए समूह से जुड़ रही है। वही सागर महिला समूह के निशा देवी ने भी समूह से जुड़कर प्रतिमाह दस से बारह हजार रुपए की कमाई कर रही है। निशा ने बताया कि वर्ष 2021 में स्वयं सहायता समूह में जुड़ी और छोटे छोटे ऋण लेकर काम करने लगी। दो लाख दस हजार रुपए ऋण मिलने के बाद आज कपड़ा की दुकान खोलकर घर परिवार को चला रही हूं। इसके पहले खेती बारी पर निर्भर रहना पड़ता था। कृषि कर्य भी गांव के साहूकारों से पैसा ब्याज पर लेकर करना पड़ता था।वही सुचिता देवी ने बताया की स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लोन ले कर श्रृंगार की दुकान शुरू किया है। और आज अच्छा मुनाफा कर घर परिवार की परवरिश कर रही हूं। इस मौके पर रूपा देवी प्रमिला देवी कमोदा कुंवर, आरती कुमारी, रेशमा देवी, सहित अन्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल थी।


### कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

–:आम सूचना:–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चितं करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 जैनब
↓
स्व0 मो0 इब्राहिम (पति)
↓
शमीना खातुन
↓
गुलाम बाकी | गुलाम हुसैन | गुलाम फियाज | गुलाम मुस्तफा | गुलाम खाजा

PR 327537 (District) 24-25 (D)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति–कोडरमा

Email- eedwsd.jhumaritellaiya @gmail.com

पंत्राक .......................... दिनांक................

सूचना

विज्ञापन सूचना संख्या 01/2024 के अंतर्गत दिनांक 21.06.2024 को BLOCK WASH COORDINATOR की प्रथम मेधा सूची प्रकाशित की जा रही है। आवेदक के लिए दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29.06.2024 समय 5.00 बजे अपराह्न निर्धारित की गई है। दावा/आपत्ति/शपथ पत्र Email- recruitmentjmtdpmu@gmail.com पर भेजा जा सकता है। समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार दावा/आपत्ति/समय अवधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का पत्राचार/आवेदन मान्य नही होगा।

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, कोडरमा।

PR 327485 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

### कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक ................ दिनांक ..........................

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 1752, दिनांक– 10.06.2024 के द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सुचना संख्या – JMC/RFP/01/2024-25, जो दैनिक समाचार पत्रों में PR 325879 Urban Development (24-25)D द्वारा प्रकाशित किया गया था, में Bid Security, Cost of Bid Document जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तथा Technical Bid Opening तिथि एवं समय में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है :–

| क्र0सं0 | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | Bid Security, Cost of Bid Document जमा करने की अंतिम तिथि– 24.06.2024 एवं समय – 3:00 बजे अपराह्न तक | Bid Security, Cost of Bid Document जमा करने की अंतिम तिथि– 29.06.2024 एवं समय – 12:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | Technical Bid Opening तिथि– 26.06.2024 एवं समय– 3:00 बजे अपराह्न | Technical Bid Opening तिथि– 29.06.2024 एवं समय– 3:00 बजे अपराह्न |

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 327511 Urban Development(24-25)#D

### जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार।
### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05 वर्ष 2024–25 स्व अर्जित आय मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 02.07.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 03.07.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 03.07.2024 को 03:30 बजे अपराहन्,कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत बस पडाव चन्दवा का चाहरदिवारी निर्माण। | 24,76,220.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभिंयता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंकसावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो संबंधित प्रखण्ड से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 327492 Rural Development(24-25)D

### कार्यालय नगर परिषद, सिमडेगा

पत्रांक :–DAY-NULM/........................./2024
ई–मेल :–simdeganagar@yahoo.in/cmm.sd.simdega@gmail.com

आम सूचना

सिमडेगा/दिनांक..........................

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के प्रावधानों के अनुसार पथ विक्रेताओं के 12 प्रतिनिधि के चुनाव आयोजन करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में निकाय स्तर से निम्नवत समय रेखा(Time Line) निर्धारित की जाती है :–

टाउन वेंडिंग समिति के 12 सदस्यों का चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा Time Line

| क्र० सं० | चुनाव संबंधी कार्य के विभिन्न चरण | विवरण | तिथि का निर्धारण अधिसूचना जारी करने की तिथि 20.02.2024 |
|---|---|---|---|
| I | II | III | IV |
| 1 | टाउन वेंडिंग समिति के कुल निर्धारित 30 में से 12 सदस्यों के प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव से संबंधित अधिघोषण जिसमें कोटि/लिंग आरक्षण रोस्टर वर्णित हो। | स्थानीय समाचार पत्रों/सूचना पटट् में प्रदर्शित करते हुए (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–2) | 16.07.2024 |
| 2 | क्षेत्रीय स्ट्रीट वेंडरों की सूची का प्रकाशन एवं इसकी प्रति टाउन वेंडिंग समिति या स्थानीय प्राधिकरण जैसी स्थिति हो उसे सौंपना/उपलब्ध कराना अर्थात चुनाव घोषित होने के साथ ही। | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–4) | 16.07.2024 |
| 3 | स्ट्रीट वेंडरों की सूची को नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित करना। | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–4) | 26.07.2024 |
| 4 | नामांकन का कार्य (अतिंम तिथि) | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–3(घ) | 26.07.2024 |
| 5 | नामांकन पत्रों की जाँच | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–8) | 27.072024 |
| 6 | अंतिम रूप से जाँच किये गये वैद्य नामांकित पत्रों का प्रकाशन | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–10) | 29.07.2024 |
| 7 | नाम वापसी लेने का समय | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–10) | 30.07.2024 |
| 8 | अंतिम सूची का प्रकाशन | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–10) | 02.08.2024 |
| 8.1 | अगर अंतिम सूची रोस्टर अनुरूप 12 सदस्यों के रहने पर निर्विरोध की घोषणा | (नियम–14 के अनुसूची–1कंडिका–21) | 02.08.2024 |
| 9 | मतदान की तिथि | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–3 (घ) | 04.08.2024 |
| 10 | मतगणना की तिथि | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–20) | 05.08.2024 |
| 11 | चुनाव परिणाम की घोषणा एवं विजयी प्रमाण पत्र वितरण | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–20) | 07.08.2024 |
| 12 | चुनाव परिणाम की अधिसूचना जारी करना | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–24) | 12–13.08.2024 |
| 13 | सरकार/विभाग को सूचित करना | (नियम–14 के अनुसूची–1 कंडिका–24) | 12–13.08.2024 |

प्रशासक,
नगर परिषद, सिमडेगा

PR 327475 District(24-25)#D

## स्वच्छता पखवाड़ा रथ को महाप्रबंधक ने किया रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया मे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोमवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूगता रथ को रवाना किया। अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक ने महाप्रबंधक कार्यालय से लेकर डकरा मुख्य बाजार तक जागरूकता रैली भी निकाली। महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने कहा कि पूरे सीसीएल में 16 जून से लेकर 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने को लेकर इस जागरूकता रथ को रवाना किया गया है जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जानकारी देगा। 30 जून को समापन समारोह के दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक संचालन केके झा, मुख्य कार्मिक अधिकारी ज्योति कुमार, निखिल अखौरी, आलोक जोजवार, राकेश रोशन, विमल कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे।

## समाज और परिवार की बर्बादी का सबसे बड़ा कारण नशापान है : विकास जयसवाल

अफीम और अन्य नशे का समाज पर काफी बुरा असर पड़ता है।

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एसएस+2 स्कूल रानिया में कक्षा आठ, नौ और दस 10 के बच्चों के साथ ही रनिया साप्ताहिक हाट में सोमवार को आम लोगों के बीच नशापान के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया। बाजार और विभिन्न गांवों में शराब की बिक्री न करने, मादक पदार्थो से होने वाले हानि की जानकारी के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहन कर वाहन चलाने, अफीम-पोस्ता की खेती से होनेवाले दुसप्रभाव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रनिया के थाना प्रभारी विकास जयसवाल ने कहा कि पुरानी कहावत है कि जिसे के घर नशा, उसका घर नाश। इसलिए हमें नशापान को हर हाल में छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार की बबार्दी का सबसे बड़ा कारण नशापान है। जयसवाल ने कहा कि सामज और परिर को सुरक्षित रखने के लिये पूरे समाज को साथ खड़ा होना होगा। डायन बिसाही जैसे अंधवश्विास की चर्चा करे हुए थाना प्रभारी ने कहा कि कि डायन बिसाही सिर्फ अंधविश्वास है और यह समाज कों बर्बाद करने का बहुत बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि डायन जैसी कुप्रथा से हमें बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में महिला को देवी और दया की प्रतिमूर्ति कहा जाता है। फिर एक महिला दूसरे की हत्याक कैसे कर सकती है। इसलिए इस अंधविश्वास से हेमें बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा कि किसी को डायन कह कर प्रताड़ित करने पर कड़ी समजा का प्रावधान है। जयसवाल ने कहा कि अफीम की खेती जहर की खेती के समान है। इसलिए इसकी खेती कभी न करे। अफीम और अन्य नशे का समाज पर काफी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह पूरे समाज का दायित्व है कि वे लोगों को डायन विबाही और नशापान के खिलाफ लोगों को जाकरूक करें।

## झामुमो कार्यकर्ताओं संग विधायक ने की बैठक

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** खूंटी लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक सह तमाड़ विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बुंडू स्थित पाराडाइज बैंक्विट हॉल में सोमवार को झामुमो कार्यकर्ताओं के संग स्थानीय विधायक ने बैठक की इस बैठक स्थानीय विधायक ने जनसंपर्क का लक्ष्य रखा है तथा संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देने की बात कही गयी साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को कार्यकर्ताओं के माध्यम से विधायक के पास लाना एवं उसका समाधान करना लक्ष्य रखा गया। इस मौके पर बुंडू के विधायक प्रतिनिधि तमाड़ पूर्वी के अड़की विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल जिला परिषद सदस्य भवानी मुंडा, बुंडू प्रमुख राजकुमार, बिंझिंया तमाड़ प्रमुख अजय मुंडा, बारुहातू मुखिया रेखा देवी, प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर मुंडा, उमेश महतो, बसु सेठ, दिलीप स्वांसी, मुन्ना महतो, प्रदीप मुंडा आदि उपस्थित थे।

## बिनोद राय ने किया महिला सम्मान समारोह का आयोजन, भारी संख्या में पहुंचीं महिलाएं



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चांडिल डेम रोड के, इठ प्लेस मैरिज हॉल में महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता सह युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनोद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर बिनोद राय ने कहा, केंद्र सरकार मोदी जी के नेतृत्व में लगातार अनेक योजनाओं के माध्यम से झारखंड की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। जब झारखंड में डबल इंजन की सरकार थी, तब यह कार्य और जोर-शोर से चल रहा था। लेकिन जैसे ही झारखंड में भ्रष्टाचारी गठबंधन की सरकार आई, महिलाओं की सुरक्षा में गिरावट आई है और वे असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही जिसके लिये राय ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मोतीलाल कुम्हार, दीपू जयसवाल, राजकुमार गुप्ता, आकाश महतो, बासुदेव सिंह सरदार, चंद्रमोहन दास, प्रसांत गौप, दीपक प्रमाणिक, नित्यनाद लोहरा, महेश कर्मकार, कृष्णा पांडेय, दीपक सिंह, ममता मोदक, झुनिवाला महतो साथ ही हजारों महिलाएं सम्मिलित हुई।

## प्रथम हॉकी खूंटी जूनियर बालक बालिका लीग चैंपियनशिप का शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** प्रथम हॉकी खूंटी जूनियर बालक बालिका लीग चैंपियनशिप का शुभारंभ सोमवार को खूंटी में हुआ। अंतरराष्ट्रीय विश्व कप हॉकी खिलाड़ी सुशील टोपनो और हॉकी संघ खूंटी के पदाधिकारियों ने चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। सोमवार को कुल आठ मैच खेले गए बालक वर्ग के पहले मैच से प्लस टू हॉकी केंद्र ने डे बोर्डिंग सेंटर खूंटी को 5-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में हॉकी खूंटी ने डे बोर्डिंग तोरपा को 6-0 से, तीसरे मैच में आरडीसी बिचना ने डे बोर्डिंग गोविंदपुर को 11-0 से पराजित किया। चौथे मैच में हॉकी खूंटी और एसएस प्लस टू हॉकी सेंटर के बीच खेला गया मैंच एक-एक गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। बालिका वर्ग के पहले मैच में डे बोर्डिंग खूंटी को आरडीसी बिचना ने 1-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में डे बोर्डिंग गोंविंदपुर ने डे बोर्डिंग तोरपा को 2-1 से पर्रिजत किया। तीसरे मैच में हॉकी खूंटी और रूट फाउंडेशन के मैच में हॉकी खूंटी 3-2 से खूंटी विजयी रही, जबकि चौथे मैच में डे बोर्डिंग खूंटी और डे बोर्डिंग तोरपा के मैच में खूंटी 2-1 से विजयी रही। मैच में ग्लेडसन भेंगरा, एसएस प्लस टू खूंटी हॉकी सेंटर के नामजन हेरेंज, आरडीसी के एंथोनी पूर्ति, खूंटी के जॉन जयवंत धान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। बालिका वर्ग में डे बोर्डिंग खूंटी की बेला कुमारी, डे बोर्डिंग गोविंदपुर की कुसुम टोपनो, हॉकी खूंटी की हिरांजलि हेमरोम और नंदनी कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। हॉकी खूंटी और सीनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मैच का समापन 27 जून को होगा। यह जानकारी कोच दशरथ महतो ने दी।

### पिपरवार में सुरक्षा कर्मियों ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## सुरक्षा कर्मियों ने सरकारी संपत्तियों पर किये गये अतिक्रमण को कराया मुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा इलाके में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने विशेष अभियान के तहत अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत बचरा इलाके में सरकारी संपत्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को लगातार सूचना मिल रही थी कि बचरा के कई जगहों पर सरकारी संपत्ति एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके बाद प्रबंधन के आदेश पर सुरक्षा कर्मियों ने विशेष अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटाया। अभियान में शामिल सुरक्षा कर्मियों ने बचरा चार नंबर चौक स्थित एक दुकान के पीछे सीसीएल के बिजली पोल में किये जा रहे अतिक्रमण को हटाया। वही बचरा स्टेशन रोड में कई जगह पर किये जा रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाया। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी। पिपरवार के मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो ने बताया कि प्रबंधन को सूचना मिल रही थी कि सरकारी संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसके बाद अतिक्रमण को हटाया गया। यदि इसके बावजूद लोग नहीं मानते हैं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इधर प्रबंधन के आदेश के बाद पिछले तीन दिनों से बचरा में तैनात सुरक्षा कर्मियों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान




**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोई गांव में सोमबार को सूचना और जनसंपर्क विभाग सरायकेला-खरसावां के तहत नशा मुक्त भारत अभियान का जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से और शपथ दिलाकर ग्रामीणों को नशा के खिलाफ होने वाली नुकसान के बारे बताया गया। साथ ही कहा कि नशे को ना और जिंदगी को हां करे, तब ही आम आदमी एक स्वास्थ्य जीवन यापन कर सकता हैं। मौके पर आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।

## रैयत 10 जुलाई को पिपरवार रेलवे साइडिंग फेज वन को बंद करेंगे



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा की बैठक हेसालौग गंझूटोला में किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा और संचालन रमेश प्रसाद साहू ने किया। बैठक में पिपरवार रेलवे साईडिंग से नौकरी और मुआवजा को लेकर चर्चा हुई। कहा गया कि रैयतों द्वारा 7 फरवरी 2023 को एक ज्ञापन पत्र दिया गया था और 15 दिनों के नौकरी और मुआवजा के लिए समय दिया गया था लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद कोई पहल नहीं हुआ है। इसलिए बैठक में निर्णय लिया कि 10 जुलाई को पिपरवार रेलवे साइडिंग फेज वन अनिश्चित काल के लिये रैयतों के द्वारा बाधित किया जायेगा। इस आंदोलन के कारण जो भी सरकारी राजस्व का भी नुकसान होगा इसकी सारी जिम्मेवारी पिपरवार प्रबंधन, अंचल अधिकारी और उपसमाहर्ता की होगी। रैयत पिपरवार रेलवे साइडिंग फेज वन का कार्य बाधित किया जायेगा। बैठक में, रमेश कुमार, सुकरा गंझू, हेमलाल गंझू, कृष्णा भोगता, ताहिर अंसारी, सुनील मुंडा, रूपण गंझू, सीता देवी, सुधा देवी, कारी देवी, देवंती देवी, बुधनी देवी, रुदनी देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए विहिप हर पंचायत में करेगी पौधरोपण




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय लोबिन बागान स्थित विश्व हिंदू परिषद के अस्थायी कार्यालय में सोमवार को विहिप जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में झारखंड प्रांत से आये संगठन मंत्री देवी सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के साथ ही हिंदू संगठनों को सशक्त बनाने और समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने के विषय पर स्थानीय विहिप कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। चर्चा के उपरांत निर्णय लिया गया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हर पंचायत में कम से कम पांच पौधा रोपण किया जायेगा। इसके साथ ही हिंदू संगठनों को सशक्त बनाने और समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से सप्ताह में एक दिन वर्ग शाखा का कार्यक्रम तथा मंदिरों में सामुहिक आरती का कार्यक्रम आयोजित करने और इन आयोजनों में सभी सनातनियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, नगर अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, तोरपा अध्यक्ष एमपी सिंह, संजय कुमार साहू, विजय लहकार, ओमप्रकाश कश्यप, सचित मिश्रा, प्रेम कुमार, गिरिवर महतो, प्रवीण जयसवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद, एक गिरफ्तार

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी किया गया ट्रेक्टर को बरामद कर एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातु निवासी यशवनी कुमार साहू का ट्रेक्टर जे एच 01सी सी 8314 है। 22/06/2024 शनिवार कि रात लगभग एक बजे चोरी हो गया था। यशवनी कुमार साहू ने चोरी का सुचना सिल्ली थाना को दिया। सिल्ली थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्वरित कार्य करते हुए सिल्ली थाना और सोनाहातू थाना के द्वारा ट्रैक्टर ले कर भाग रहे उक्त चोर को रविवार के दिन गिरफ्तार कर सिल्ली थाना लाया गया। और पुछताछ के दौरान अपना जुर्म स्वीकार किया। सिल्ली थाना के द्वारा चोरी के खिलाफ मामला दर्ज कर सिल्ली थाना कांड संख्या 51/24, 379/411/34 भादवि के तहत न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

## राय के गणेश महतो को बनाया गया झारखंड खो-खो खेल स्टेट का रेफरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** रांची के पुराना विधानसभा परिसर मे झारखंड राज्य खो-खो संघ के द्वारा पांचवी झारखंड स्टेट लेवल खो-खो रेफरी और कोच को लेकर प्रशिक्षण व सेमिनार का आयोजन किया गया था। इस खो-खो प्रशिक्षण सेमिनार में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो भी शामिल हुए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गणेश ने 5वीं झारखंड स्टेट खो-खो रेफरी की परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा मे पास होने के बाद गणेश कुमार महतो को झारखंड स्टेट खो-खो रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष अनिल प्रसाद एवं झारखंड स्टेट खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण सेमिनार में झारखंड राज्य से कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी शामिल हुए। इस संबंध मे गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इससे पहले एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा एएफआई प्री लेवल एक कोच की परीक्षा हुई थी। जिसमें उन्होंने इस परीक्षा को पास करके एथलेटिक्स कोच बने। अब खिलाड़ियों को गणेश कुमार महतो के द्वारा एथलेटिक्स के साथ-साथ खो-खो खेल का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। ज्ञात हो कि गणेश कुमार महतो की देख-रेख मे 40 से अधिक एथलेटिक्स खिलाड़ी राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल में शामिल हुए है। जिसमे कई खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर अपने जिला एवं राज्य का नाम रौशन कर चुके है। वही 30 से अधिक खिलाड़ियों का चयन झारखंड सरकार व सीसीएल द्वारा संचालित जेएसएसपीएस खेल अकादमी द्वारा संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र एवं भारतीय खेल प्राधिकरण साई सेंटर मे किया जा चुका है। इधर गणेश कुमार महतो के स्टेट रेफरी बनने पर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने बधाई दी है।

## धमधमिया में डेढ़ सौ आम के पौधों का वितरण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** पौधा लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत धमधमिया में पौधों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अंबेडकर विचार मंच और बाबू देवेंद्र सिंह सेवा संस्थान के तत्वाधान में राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में बिरसानगर एव धमधमिया में लगभग डेढ़ सौ आम का पौधा का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजन सिंह राजा ने कहा कि पौधा लगाओओ-जीवन बचाव कोयलांचल के आम जीवन के लिए शुभ काम का आरंभ है, इस अभियान को चलाना एक पुण्य और रचनात्मक कार्य है। इस अभियान में मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह, रवीन्द्रनाथ चौचरी विजय सिंह, इंदिरा देवी, अमृत साहू सहदेव महली, उप मुखिया कोलेश्वर मुंडा, , गोपाल सिंह, शंकर सिंह श्याम जी महतो, अजय सिंह सुमन देवी, गिरजा विश्वकर्मा, सुरेश साव, शंभू नाथ गंझू, सुधीर उरांव, दिगम्बर साव, रामस्वरूप राम, आशीष यादव, रोशन लाल, अरुण राम, खेमलाल तुरी, कयूम अंसारी, इम्तियाज,कृष्णा राम, भूनेश्वर मिस्त्री, रमेश गंझु, संजय राम, विनोद उरांव, राजेश कुमार, शमीम अंसारी रवि गांगुली इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## कई लोगों ने थामा जेबीकेएसएस पार्टी का दामन



**खूंटी(आजाद सिपाही)।** आम अवाम विकास मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव मनीष साहू और खूंटी जिलाध्यक्ष कुणाल भगत ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय महासचिव दीपक महतो की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय मे कार्यकताओं का स्वागत किया गया। पार्टी के अध्यक्ष जयराम महतो ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। बैठक मे खूंटी और सिमडेगा जिले के कई युवाओं ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की सदस्यता ग्रहण की। जेबीकेएसएस के सिद्धांतों और नीतियों से प्रभावित होकर युवा इसमें जुड़ रहे हैं। मोके पर पंचम एक्का, जोरेंज बारला, गौतम विश्वकर्मा, अमनदीप मांझी, गोपाल सिंह, नागेंद्र सिंह, अटल सिंह, गणपति महतो, सुभाष महतो, शशांक शेखर, कुणाल कश्यप आदि उपस्थित थे।

## बचरा में नि:शुल्क श्रवण क्षति सह जांच शिविर आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में मंगलवार 25 जून को नि:शुल्क श्रवण क्षति (बहरापन) जांच एवं स्वस्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एफआर शाह ने बताया कि शिविर में सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा लोगों का नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के आंख,कान और नाक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्य प्रकाश शिविर में शामिल होगें। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शिविर में शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

### पिपरवार में कोल वाहनों की रफ्तार से दहशत में ग्रामीण

## कोल वाहन ने 24 घंटे में दो मवेशियों को कुचला, ग्रामीणों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाको मे कोल वाहनो के कहर से लोगो मे दहशत का माहौल है। घनी आबादी वाले इलाकों से ट्रांसपोर्टिंग कार्य होने से आये दिन दुर्घटना होती रहती। पिछले 24 घंटे मे तेज रफ्तार कोल वाहन ने दो मवेशी को अपनी चपेट मे लिया, जिसमें एक मवेशी की मौत हो गयी, जबकि एक मवेशी घायल है। जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी चौक के समीप सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कोल वाहन ने एक मवेशी को कुचल डाला। इस घटना मे मवेशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से सड़को पर कोल वाहनो की लंबी कतार लग गयी। इस संबंध मे भुक्तभोगी लखन महतो ने बताया कि बिलारी चौक के समीप सुबह चार बजे तेज रफ्तार कोल वाहन ने उनकी मवेशी को कुचल डाला, जिसमें मवेशी की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से भारी वाहन काफी तेज रफ्तार से आवागमन करती है। कोल वाहनो के परिचालन के लिए कोई समय निर्धारित नहीं है। यहां 24 घंटे कोल वाहनों का परिचालन होते रहता है। जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि अन्य जिलों में कोल वाहन के परिचालन के लिए समय सीमा निर्धारित की गयी है। घनी आबादी वाले क्षेत्र से दिन में नो एंट्री लगाई गयी है। लेकिन यहां पर किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं है। जिसके कारण कोल वाहनों का परिचालन काफी तेज गति से हो रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को नुकसान पहुंच रहा है। एक दिन पुर्व कारो चौक में भी कोल वाहन की चपेट में आने से एक मवेशी घायल हो गया था। जबकि आज कोल वाहन ने एक मवेशी को कुचलकर मार डाला। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थानीय ग्रामीण भी तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट मे आ सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि केरेडारी और टंडवा इलाके से हाईवा पिपरवार तक कोयला ढुलाई का कार्य करता है। कोयला ढुलाई का काम होने से जहां एक और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

## पूर्व मंत्री राजा पीटर ने समस्याओं पर चर्चा की

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बिरसा विकास समिति के महासचिव सह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री राजा पीटर ने आज बुंडू अंचल कार्यालय में जाकर अंचल अधिकारी से मुलाकात कर भूमि से सबंधित समस्याओं पर चर्चा करते हुए हो रहे गड़बड़ियों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्हें जल्द से जल्द ठीक करने का आग्रह किया। साथ ही आगामी चुनाव के मद्देनजर वोटर लिस्ट में आवश्यक सुधार हेतु अपने सुझाव साझा किए। इसके बाद पीटर अंचल कार्यालय तमाड़ पहुंच कर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मिलने पहुंचे किंतु उनके अनुपस्थित रहने के कारण कस्तूरबा विद्यालय के नामांकन प्रक्रिया में हो रहे अनियमितता के कारण सही प्रतिभागियों को स्थान नहीं मिलने से संबन्धित चर्चा नहीं हो पायी। पीटर सीडीपीओ कार्यालय आगनबाड़ी सेविकाओं के चयन से सबंधित जानकारी लेने गए थे लेकिन बाल विकास कल्याण पदाधिकारी के अनुपस्थिति के कारण मुलाकात नहीं हो पाई जिस कारण जनसमस्याओं से जुड़ी बातें नहीं हो पाई। पीटर ने कहा कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के जनसमस्याओं को लेकर वे संवेदनशील है।

### मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक, दिये गये जरूरी निर्देश

# मतदाता सूची से नाम कटा हो तो आज से जुड़वायें, घर-घर जायेंगे बीएलओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सोमवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ मोनी कुमारी ने की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची को दुरुस्त करने, वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत व पलायन कर गए मतदाताओं का नाम हटाने सहित त्रुटियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रपत्र 6, 7 और 8 को सभी


मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित बीएलओ व पर्यवेक्षक।

बीएलओ को अपने-अपने बूथ क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रपत्र को भरना है, ताकि कोई योग्य मतदाता छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि 25 जून से 24 जुलाई तक घर-घर सर्वे का काम चलेगा। इस दौरान सभी बीएलओ हर घर में जाएंगे और मतदाताओं का पूरा ब्योरा लेंगे। साथ ही पर्यवेक्षक द्वारा स्टिकर चिपकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। एक जुलाई जिन युवक-युवतियों की उम्र 18 वर्ष हो गयी है उनका नाम और नव विवाहितों का नाम मतदाता सूची जोड़ना है। साथ ही जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजनों सहित अन्य व्यक्तियों का भी नाम छूटना नहीं चाहिए। वहीं 27 व 28 जुलाई एवं 3 व 4 अगस्त तक हर शनिवार और रविवार को विशेष अभियान चलाया जाएगा। 25 जुलाई से 9 अगस्त तक दावा और आपत्ति दाखिल की जाएगी। 19 अगस्त तक दावा और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा और 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूची का पन्ना जांच और हाउस टू रोल पर विशेष फोकस किया गया। वहीं, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रताप मिंज ने बीएलओ को नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6, नाम हटाने के लिए प्रपत्र 7 एवं प्रविष्टि में संशोधन के लिए प्रपत्र 8 भरने की प्रक्रिया को लेकर निर्देश दिया।

## सरना झंडा को लेकर दिये गये विवादित बयान से भड़के आदिवासी, पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** ग्राम प्रधान संघ की ओ़र से बीसा पंचायत में गत रविवार को आयोजित जनजातीय सुरक्षा मंच के एक जनजागरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत द्वारा सरना झंडा को लेकर दिए गए विवादित बयान (आदिवासी समाज सफेद-लाल झंडा त्याग कर अपने घरों में हनुमान जी के झंडे के साथ सफेद झंडा लगाएं)। से सरना आदिवासियों में आक्रोश व्याप्त है। इस बयान के विरोध में श्रद्धा सरना समिति के बैनर तले सरना आदिवासियों ने सोमवार को गेतलसूद में रोषपूर्ण प्रर्दशन किया और गणेश राम भगत का पुतला




फुंका। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे श्रद्धा सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि इस बयान से आदिवासी समाज काफी आहत व आक्रोशित हैं। इस बयान को लेकर राष्ट्रीय संयोजक आदिवासी समाज से तुरंत माफी मांगे नहीं तो उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में राजदेव पाहन, विरेन्द्र मुण्डा, निरज मुण्डा, रवि किशोर उरांव, मोहन उरांव, अजय करमाली, अशोक बेदिया, विजय उरांव, पुसूवा लोहरा, रजनी उरांव, संजु उरांव, अनिता उरांव, संजोति उरांव, पुष्पा उरांव, अंजु उरांव, उषा पाहन आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने चोर को रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के करांजी गांव में ग्रामीणों ने एक चोर को रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार तड़के तीन बजे सिकंदर महतो के घर में चोरी करने के उद्देश्य से चोर घुसे थे। चोरों ने घर में रखे कई सामानों की चोरी कर ली थी। इसी बीच घरवालों की नींद खुल गयी और उन लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग भी जग गये। इस दौरान भाग रहे चोरों में से एक को ग्रामीणों ने शिव मंदिर के समीप दौड़ाकर दबोच लिया। जबकि तीन चोर भागने में सफल रहे। उधर, चोर को पहड़ कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सोहेल अंसारी बताया। वह गांव जरा टोली करांजी का रहने वाला है। तलाशी लेने पर उसके पास से कई सामान बरामद हुए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बेड़ो पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों



ने चोर को सौंप दिया। आरोपी से पूछताछ करने के बाद पुलिस उसे थाने ले लाई है। दूसरी ओर, चोरों ने देर रात करीब दो बजे करांजी गांव स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप से कलेश्वर महतो के मारुति वैन के दाहिने ओर की दो टायरों व रिम लगे एक स्टेपनी टायर ट्रैक्टर की बैट्री, टूल किट व डीजल नीरज महतो के ट्रैक्टर की बैट्री, टूल किट, पट्टा, हिथ, टोपलिक व डीजल कामेश्वर महतो के ट्रैक्टर का हिथ व हाइड्रोलिक जैक मुकेश महतो के ट्रैक्टर का हल जोड़ने वाला गुल्ला, टूल किट व डीजल चोरी कर ली। इसके पूर्व भी चोरों ने धीरज महतो की साइकिल, ब्रज किशोर महतो का पांच केबीए का स्टारप्लाइजर चोरी कर लिया था। इधर, करांजी गांव के ग्रामीण किसानों ने लिखित आवेदन देकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है। उनका कहना है कि गांव में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं ने लोगों का सुख चैन छिन रखा है। वहीं, बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि आज के बाद इस तरह की घटना नहीं होगी। चोरों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसके सहयोगियों को पुलिस शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस ने चोर की निशानदेही पर खत्रीखटंगा गांव के समीप जंगल से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।

## नगड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन-घेराबंदी




### प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं सीओ को हटाने की उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी**। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा नगडी के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड व अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार और अंचलाधिकारी को हटाने की मांगों को लेकर नगड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष घेराव व प्रदर्शन किया गया। लगे हाथ मोर्चा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री एवं बीडीओ के नाम 17 सूत्री मांग को लेकर सीआई अशोक सिंह को सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी एवं आंदोलनकारी निगरानी समिति के सदस्य सपोर तिग्गा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ ही लड़ी है। अपनी पहचान के लिए लड़ी है। अगर नगरी में ब्लॉक में अंचल में गड़बड़ी की जाती है तो हम आंदोलनकारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं, संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को फिर से एक और लड़ाई अपनी पहचान, अस्मिता एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए लड़नी होगी। झारखंड को बेहतर राज्य बनाने के लिए संघर्ष तेज करना होगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड के छात्र, नौजवानों, किसानों मजदूरों के भाव और भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले पदाधिकारी को झारखंड से बाहर कर दिया जाएगा। 15 दिनों के अंदर सीओ को सरकार हटाए अन्यथा आंदोलनकारी सीधी कार्रवाई करेंगे। वहीं, केंद्रीय सयोजिका सरोजनी कच्छप ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान से ही बना है। राज्य के माननीय व अधिकारी पदाधिकारी कलंकित ना करें। मौके पर अर्जुन प्रजापति, अलाउद्दीन अंसारी, अयोध्या महतो, त्रिलोकी महतो, रमेश ठाकुर पंचम महतो भोला सिंह आदि उपस्थित थे।

## टीएलएम प्रदर्शनी सह मेला में प्राथमिक विद्यालय झिरगी टोली को प्रथम स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया संकुल एवं लापुंग बीआरसी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय निपुण समागम सह टीएलएम प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया गया। बीपीओ लीलावती तिर्की एवं सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा आकर्षक टीएलएम बनाकर प्रदर्शित की गई। ककरिया संकुल एवं बीआरसी में प्रदर्शित की गई टीएलएम में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झिरगी टोली की नूतन कुमारी के टीएलएम को प्रथम, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह की सागेन होरो एवं अगुस्टीन लकड़ा के टीएलएम को द्वितीय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय तपकरा के मो कुदुस अंसारी के टीएलएम को तृतीय स्थान दिया गया। वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय झिकी, सहित कई अन्य विद्यालयों द्वारा प्रदर्शित टीएलएम को भी उपयोगी एवं क्रियात्मक बताया गया। ककरिया




संकुल में ककरिया, दोलैचा एवं सरसा संकुल के विभिन्न विद्यालयों ने टीएलएम प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। अलग-अलग टीएलएम के बारे में शिक्षकों ने उसे बनाने के तरीके, उसके छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होने और उसकी मदद से विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक माहौल बनाने की जानकारी दी गई। वहीं प्रखंड संसाधन केंद्र लापुंग में प्रधानाध्यापक यू धनेश्वर राव, मो जुबैर अंसारी, बीआरपी रेशम शाहदेव, लाल मिथिलेश कुमार सिंह सहित परियोजना कर्मियों की देखरेख में टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, उत्तम कुमार मंडल, कालीचरण चौधरी, खलीदुल हसन, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा की लुसिया केर-केट्टा, संध्या कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा की कलावती कुमारी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु की गंगोत्री कुमारी, जगन्नाथ उरांव, जितेन्द्र तिर्की, एमलेन तोपनो, राजेन्द्र सिंह, सुनीत होरो, चमरू उरांव, हर्फिन्द्र प्रधान, जोसेफ बृजिया, माडी मंगरा टोली के मंगरु भगत, लच्छु उरांव, सुजीत रक्षित आदि मौजूद थे।

## रातू में झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर पेंशन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** झारखंड आंदोलनकारियों की सोमवार को रातू ब्लॉक परिसर में बैठक हुई, जिसकी ने अध्यक्षता समीम मंसूरी की और संचालन आंदोलनकारी महावीर विश्वकर्मा ने किया। बैठक में सभी आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए एक समान पेंशन देने की मांग की गई। प्रति माह कम से कम 20 हजार रुपए पेंशन भुगतान करने की मांग को लेकर रातू प्रखंड के सभी आंदोलनकरियों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नाम पोस्टकार्ड अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बैठक में महावीर विश्वकर्मा, इरुष तिर्की,


बैठक में शामिल झारखंड आंदोलनकारी।

विशनाथ पाहन, कमरुल हक जाड़ी, वीरेंद्र साहू, जोगेंदर गोप, कलीम अंसारी, संजीत महतो, दुर्गा उरांव, ओमप्रकाश वर्मा राजेंद्र मिर्धा, अशोक साहू, राजेश तिर्की, नारायण यादव, अस्मिता देवी पेयारी उरांव, मदुपाल उरांव, चंद्रभूषण उरांव मंगरा उरांव, राजू महतो, अर्जुन उरांव, सहयूं टोप्पो, सुनील उरांव, महादेव उड़ाव, जीतराम लोहरा, सुबहोद्ध लोहरा, शिव शंकर महतो एवं मुख्तार अंसारी शामिल थे।

### हुंडरू जलप्रपात पर्यटक स्थल में चला नशा मुक्ति अभियान

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** हुंडरू जलप्रपात व आस पास के क्षेत्र में सोमवार को झारखंड पर्यटन, कला, संस्कृति एवं खेलकूद युवा एवं कार्य विभाग की ओर से मादक पदार्थ मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पर्यटकों से पर्यटन स्थल के आस-पास शराब, तंबाकू, सिगरेट, खैनी आदि का सेवन नहीं करने को कहा गया। साथ ही मादक पदार्थ से होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर झारखंड पर्यटन सुरक्षा सिमिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद पर्यटक व ग्रामीण को बताया कि मादक पदार्थ शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इससे सभी को बचाने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने पर्यटन स्थल को स्वच्छ रखने और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए पौधे लगाने की भी बात कहीं। इस मौके पर पर्यटनकर्मी बालेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया, नागेश्वर बेदिया, राजेश महतो, लालो देवी ,कौशल्या देवी ,रंजन बेदिया, विष्णु बेदिया ,जीतवाहन भोगता, आदि मौजूद थे।

### बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए ओरमांझी से 14 लोगों का जत्था रवाना

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)। बाबा बफार्नी (अमरनाथ यात्रा) को लेकर ओरमांझी से सोमवार को 14 श्रद्धालुओं का जत्था रवान हुआ। उनकी विदाई से पहले जत्था में शामिल लोगों ने ओरमांझी के सभी मंदिरों में मत्था टेका। अमर नाथ यात्रा में जाने वाले सभी श्रद्धुलाओं को केशरिया गमछा ओढ़ाकर कर विदाई दी गयी। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू,भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, अजय सिंह, शशी मेहता धनेश महतो, डॉक्टर प्रदीप, शंकर लाल गुप्ता, नीरज पांडेय, अनिल गुप्ता ,विजय पांडेय, नारायण महतो, छेदी महतो और उत्तम करमाली आदि शामिल थे।**

### सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंची विधायक शिल्पी नेहा तिर्की



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम फतेहपुर निवासी शाहिल मियां की विगत दिनों लतरातू डैम और कलीम अंसारी महुगाव बकाकेरा के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। इसकी जानकारी कार्यकर्ता ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को दी। जिसके बाद सोमवार को विधायक मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंची। परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया और ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### विकासात्मक व सतत खनन गतिविधियों के बीच संतुलन बनाये रखना आवश्यक : डॉ अमित पांडेय

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से प्रायोजित व भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के पर्यावरण प्रबंधन प्रभाग द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 'एफसीए के तहत खनन परियोजनाओं में डायवर्जन स्थितियों के मार्गदर्शक सिद्धांत और कार्यान्वयन रणनीति' पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की महानिदेशक कंचन देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने सभी का स्वागत करते हुए खनन क्षेत्रों की बहाली और पुनर्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। भारतीय वानिकी अनुसंधान शिक्षा परिषद के सहायक महानिदेशक (पर्यावरण प्रबंधन प्रभाग) डॉ एएन सिंह ने पांच दिवसीय पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण व्याख्यानों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद ने प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी देश के लिए विकास अपरिहार्य है। आजकल हम पर्यावरण में गिरावट और जलवायु में भारी परिवर्तन देख रहे हैं। पूरी दुनिया में भारी बारिश और लंबे समय तक सूखे की स्थिति बनी हुई है। इसलिए विकासात्मक गतिविधियों और सतत खनन गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय वन सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों को वनों के समग्र संरक्षण के लिए पर्यावरण, प्रकृति, जैव विविधता एवं वन्य जीवन की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद ने खनन क्षेत्रों के पुनर्वास का संकलन तैयार किया है तथा जी-20 शिखर सम्मेलन में इसे प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के बेल्लारी के खनन क्षेत्रों के पुनर्वास का कार्य सबसे पहले भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद द्वारा शुरू किया गया था। इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस मौके पर डॉ योगेश्वर मिश्रा, वैज्ञानिक-जी डॉ शरद तिवारी आदि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करांजी डैम मोड़ के समीप बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर सोमवार की शाम सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान टेरो चटकपुर गांव निवासी अमरू उरांव (54) और टेरो महुंगांव गांव निवासी शिव शंकर गोप (45) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉ भावना ने प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज क लिए रांची के रिम्स अस्पातल रेफर कर दिया। इधर ,घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाना के एएसआई अक्षय सिंह सीएचसी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिये।

### इटकी में दो गायों की उठा ले गये चोर

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक फिर से परवान चढ़ने लगा है। चोरों ने दो अलग-अलग घरों में चोरी की घटना अंजाम देते हुए दो दुधारू गायों की चोरी कर ली। बनिया टोली स्थित चोरों ने शनिवार की देर रात विशाल केशरी की गाय चोरी कर ली थी। इस बाबत विशाल केशरी ने थाना में मामला दर्ज कराया है। इसी बीच, रविवार की रात चोरों ने गोपालक रजप खान के गोहाल में बंधे बछया की चोरी कर ली। दोनों गायों की कीमत करीब ढेड़ लाख रुपये बतायी जा रही है।

### महिला को पकड़ कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा, जांच शुरू

## जमीन पर कब्जा दिलाने पहुंचे गिरोह को ग्रामीणों ने खदेड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ममता देवी नामक महिला 300-400 अन्य महिला-पुरुष को साथ लेकर ओरमांझी ब्लॉक के हरचंडा काली पूजा मैदान में कथित रूप से जमीन पर कब्जा करने पहुंची थी। उसके लोगों ने मैदान में बाजार के लिए लगाये गे बांस से बने झोपड़ी को हटाना शुरू किया। इसकी सूचना मिलते ही गांव के कुछ युवकों ने इसका विरोध किया। तब महिला ने जमीन संबंधित फर्जी कागज दिखा कर दबंगई दिखाती रही। हालांकि धीरे-धीरे हरचन्डा के ग्रामीण लाठी डंडा लेकर कब्जा



दिलाने आए लोगों को खदेड़ना शुरू किया। ग्रामीणों के उग्र तेवर देख ममता के साथ आये लोग जान बचाकर भाग खड़े हुए। इसके बाद ग्रामीणों ने जमीन पर कब्जा लेने पहुंची महिला प्रियंका देवी उर्फ ममता को दबोच लिया। इसकी सूचना पाकर ओरमांझी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गयी। महिला के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर पुलिस आरोपित महिला को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा कर अपने साथ थाने ले गयी। वहीं पूछताछ करने पर महिला ममता देवी ने बताया कि रुक्मणी देवी और लड्डू के कहने पर वो किराये के गुंडे लेकर जमीन पर कब्जा करने पहुंची थी। बतातें चलें कि उक्त जमीन में महालक्ष्मी फाइबर सूत मिल व रैयत के बीच अदालत में मुकदमा चल रहा है। इससे पहले भी इस जमीन विवाद में हर चंडा के एक युवक की मौत हो चुकी है। उधर, महिला पर प्राथमिकी दर्ज कराने के संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि कोई भी प्राथमिकी दर्ज कराने नहीं आया है। ग्रामीणों द्वारा कार्रवाई के लिए दिए गए आवेदन में भी त्रुटि है।

# हुसैनाबाद से कमलेश सिंह फिर होंगे एनसीपी के उम्मीदवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राज्य में विधानसभा चुनावों को लेकर सभी पार्टियां अपनी अपनी तैयारियों में लग गयी हैं। विधानसभा उम्मीदवारी को लेकर सीटों का दावा किया जाने लगा है। एनसीपी (अजित पवार) भी झारखंड में एक से अधिक विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर सकती है। एनसीपी में बैठकों का दौर चल रहा है, जिसके बाद कोई फैसला लिया जायेगा। एनसीपी (अजित पवार) एनडीए का हिस्सा है और झारखंड के पलामू के हुसैनाबाद विधानसभा सीट से कमलेश सिंह पार्टी के एकमात्र विधायक हैं। वह आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से हुसैनाबाद सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। कमलेश सिंह ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी तैयारी कर रही है। पार्टी के शीर्ष नेता बैठकें कर रहे हैं। हुसैनाबाद से वे चुनाव लड़ेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि झारखंड में एनसीपी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। सभी घटक दलों के नेता भी चुनाव को लेकर आपस में बैठक करेंगे। पत्रकारों द्वारा जब पूछा गया कि झारखंड में एनसीपी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी तो इस सवाल के जवाब में कमलेश सिंह ने कहा कि आपसी बैठकों के बाद इन बिंदुओं पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे गठबंधन की बैठक के दौरान अपनी ओर से दावेदारी जरूरी पेश करेंगे।

## सरकार चुनावी घोषणाएं कर रही है, विश्वास न करें : सूर्या सिंह

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के झारखंड प्रवक्ता सूर्या सिंह कहते हैं कि झारखंड सरकार ने पिछले साढ़े चार साल में कुछ नहीं किया है। इस समय जो भी घोषणाएं की जा रही हैं, वे चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ये भ्रमित करने वाली हैं।**

### हुसैनाबाद को जिला बनाने का करेंगे लगातार प्रयास

हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह कहा कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने महागठबंधन को समर्थन दिया था। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार उन्हें आश्वासन दे रहे थे कि हुसैनाबाद को जिला बनाया जायेगा। लेकिन उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया, जिसके कारण उन्हें सरकार से समर्थन वापस लेना पड़ा। कमलेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद शुरू से ही झारखंड की हॉट सीट रही है। हुसैनाबाद की जनता उनके परिवार को चुनती है और जनता को परिवार पर विश्वास है। कमलेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# पर्यावरणविद कौशल ने कवियों को पौधा देकर किया कवि सम्मेलन का शुभारंभ

# पौधरोपण से ही जल संकट, जलवायु परिवर्तन और भीषण गर्मी और प्रदूषण से मिलेगी निजात : कौशल

**जिंदा रहना है तो पर्यावरण धर्म को भी अपना ना होगा, और पौधा लगाकर बच्चों की तरह बचाना होगा : कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** रांची यूनिवर्सिटी के डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी आडिटोरियम में रविवार की शाम हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान टी मैन ऑफ झारखंड के नाम से विश्व भर में ख्यातिप्राप्त व विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कई राज्यों से आये कवियों में कविता तिवारी, शंभू शिखर, अनिल चौबे, भावना तिवारी, अभय निर्भीक एवं अकबर ताज को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का फला हुआ पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पटना के उद्घोषक मनोज तिवारी ने कौशल किशोर जायसवाल के जीवनी से जुड़ी बातों का उल्लेख कर वहां उपस्थित लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि कवि, कला संस्कृति, पेड़, पौधा, वन लोगों को जिंदा रहने का आधार है। इसे जिंदा रखने के लिये लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। तभी जल संकट व जलवायु परिवर्तन से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी व प्रदूषण की आग पानी से नहीं शुद्ध हवा से ही बुझेगी। इसके लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चों की तरह बचाना होगा। कौशल ने कहा कि हमारी संस्कृति में पौधा को देव तुल्य माना जाता है। कवयित्री कविता तिवारी ने मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जबकि संचालन कवि शंभू शिखर ने किया। कवि अनिल चौबे, भावना तिवारी, अभय निर्भीक एवं अकबर ताज ने हास्यरस की कई कविताओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर अध्यक्ष रामजी यादव, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार, ईश्वर चंद्र, शशांक भारद्वाज, नरेश बांका समेत शहर के अग्रणी पंक्ति के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, कॉलेज को सहयोग करना हमारी होगी प्राथमिकता : सुनीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** चितरपुर महाविद्यालय में शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई, चितरपुर इंटर कॉलेज के प्राचार्य बनाये गये रणवीर चितरपुर इंटर कॉलेज में शासी-निकाय की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सुनीता चौधरी सचिव सफीक अनवर शामिल हुए। बैठक में एम शाहनवाज के सेवानिवृत्ति होने पर वरीयता के आधार पर रणवीर कुमार को प्राचार्य नियुक्त किया गया। इसके अलावा बैठक में वित्तीय वर्ष झारखंड सरकार से प्राप्त अनुदान राशि वितरित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक चौधरी ने कहा कि कॉलेज मे विकास के लिए हमेशा सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर में शैक्षणिक वातावरण को विकसित करें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इंटरमीडिएट में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं महाविद्यालय के विकास के लिए बधाई दी। उन्होंने नवनियुक्त प्राचार्य कुमार को बधाई दी। बैठक में सचिव सफीक अनवर, शिक्षाविद अशोक कुमार, उपाध्याय पूर्व प्रभारी प्राचार्य मंजर शाहनवाज, शिक्षक प्रतिनिधि सुधीर कुमार दास क्या लावे शिक्षक एवं कर्मचारी सहित कई मौजूद थे। सभी ने नव नियुक्त प्राचार्य को बधाई दी।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग जायें कार्यकर्ता : संजीव बेदिया



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सौंदा बस्ती मदनाटांड़ में बूथ कमेटी गठन को लेकर सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राम अवध प्रसाद एवं संचालन लालमोहन करमाली ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया, प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, इस्लाम अंसारी, रमेश प्रसाद, राजेश प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में बूथ संख्या 305, 306, 307 एवं 308 का निर्माण किया गया। बूथ संख्या 308 में लालमोहन करमाली, कमल प्रजापति, किशोर प्रजापति, कृष्णा करमाली, चीकू करमाली, ललका करमाली, जगन्नाथ बाउरी, परशुराम बाउरी, विनोद प्रसाद, बॉबी करमाली, अमर करमाली, अरूण बाउरी, बबलू करमाली, पवन करमाली, अमन करमाली, सनी करमाली, बिहारी मुंडा, उमेश बाउरी, मुन्ना प्रजापति, करण मुंडा, करण करमाली, सोनू बाउरी, पंकज बाउरी आदि शामिल हैं। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में अभी से ही लग जाने की बात कही। बैठक में बूथ संख्या 305 के आर मुंडा, कामेश्वर प्रजापति, मैनेजर प्रजापति, शिवशंकर मुंडा, मो. इस्लाम, राजदेव प्रजापति, कृष्ण करमाली, यमुना मुंडा, जयप्रकाश नारायण प्रजापति, अरुण बाउरी, अमर करमाली, दीपक बाउरी, शंकर बाउरी, सुरेंद्र बाउरी, महेश मुंडा, दशरथ प्रजापति, भैरव साहू, लालमोहन करमाली, सोनू बाउड़ी, ललका करमाली बूथ संख्या 306 के वासुदेव मुंडा, किशोरी प्रजापति, विशाल बाउरी, विनोद बाउरी, बिहारी मुंडा, महेश बाउरी, तुलसी करमाली, मन्नु प्रजापति, ललित नारायण प्रसाद, सोनू बाउरी, परशुराम बाउरी, जगदीश मंडा, राजू करमाली, राजकुमार साहू, यशोदा देवी, हरित देवी, गड्डा बाउरी सहित बूथ संख्या 307 के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।**

# पलामू सांसद वीडी राम ने सांसद के रूप में ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** 24 जून को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने 18वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। श्री राम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सांसद ने इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे लगातार तीसरी बार पलामू एवं गढ़वा की जनता ने अपना आशीर्वाद एवं समर्थन देकर भारी मतों से जिताया है तथा जनता की सेवा करने का मौका दिया हैं।

# आदिवासी कुड़मी समाज रामगढ़ जिला समिति का पुनर्गठन किया गया

# शंकर प्रसाद दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रामगढ़ जिला के सरना उच्च विद्यालय कोठार रामगढ़ में आदिबासि कुड़मि समाज का पूर्व घोषित जिला समिति पुनर्गठन के लिए केंद्रीय, प्रदेश, जिला और प्रखंड पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश समिति के सह सचिव दिवाकर प्रसाद ने की एवं कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन शंकर लाल प्रसाद बसरिआर ने किया। कार्यक्रम में बारी-बारी से सभी पदाधिकारीयों ने अपना विचार रखा तत्पश्चात सर्वसम्मति से रामगढ़ जिला समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष -शंकर लाल प्रसाद बसरिआर सचिव भुवनेश्वर महतो कोषाध्यक्ष गौतम कुमार महतो उपाध्यक्ष गुड्डी देवी, राजकुमार महतो, सत्यनारायण महतो, सह सचिव निशा देवी,जयप्रकाश महतोनेगाचारि प्रमुखकौलेश्वर महतो प्रवक्ता राजीव कुमार मीडिया प्रभारीसुशांत भारती और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में टेकलाल महतो भुवनेश्वर महतो चंद्रमोहन महतो दुलारी देवी मनगोविंद महतो संतोषी देवी को सर्वसम्मति से चुना गया। जिला समिति निष्पक्षता पूर्ण सुचारू रूप से काम करें इसके लिये क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी विशेश्वर महतो को जिला समिति का संरक्षक बनाया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल राम महतो केंद्रीय पदाधिकारी निरंजन महतो चुरामन महतो तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष लाल बहादुर चौधरी उपस्थित रहे।

## सौंदा डी मध्य विद्यालय में 292 विद्यार्थियों के बीच नि:शुल्क पुस्तक का हुआ वितरण




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सौंदा डी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय में सोमवार को कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के बीच नि:शुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, प्रधानाध्यापक मटुक राम द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के 292 विद्यार्थियों के बीच पुस्तक का वितरण किया गया। मौके पर विधालय अध्यक्ष शकुंतला देवी, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, शिक्षक बिहारी सहित 11 शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थें।**

# भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने आभार यात्रा के दौरान कई पंचायतों का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आभार यात्रा के तहत भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी सोमवार को कांडी प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान वे विभिन्न बूथों पर भी गए और वहां के ग्रामीण से रूबरू हुए। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाने व वीडी राम को तीसरी बार पलामू सांसद बनाने पर लोगो को बधाई दी। ग्रामीणों ने डां चंद्रवंशी को क्षेत्र की कई समस्याओं से भी अवगत कराते हुए निदान कराने की मांग की। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए सभी समस्याओं को दूर कराने का भरोसा दिलाया। मैके पर सतेंद्र चौबे,रामलाला दुबे, श्रीकांत पांडेय, शशि रंजन दुबे, मनिकांत सिंह, विजय मुखिया, पवन गुप्ता, लखन चंद्रवंशी, ललीत बैठा,अंजू देवी, सहेंदर साव,अजय सिंह, यशवंत यादव, अमरेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।




# जिंबाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का एलान, शुभमन गिल कप्तान

## रोहित, विराट और पांड्या को आराम, 6 जुलाई से शुरू होगी सीरीज

एजेंसी



**मुंबई।** अगले महीने (जुलाई) होने जा रहे जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआइ ने सोमवार को 15 सदस्सीय टीम घोषित की। यह टीम 6 जुलाई से 14 जुलाई तक हरारे स्पोर्ट्स क्लब में पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। टी-20 वर्ल्ड कप में ट्रैवलिंग रिजर्व रहे शुभमन गिल को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया था। हालांकि बीसीसीआइ ने उपकप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया है। शुभमन गिल भारत के ओवरऑल 46वें कप्तान बने हैं। वहीं, टी-20 फॉर्मेट में भारतीय टीम के 14वें कैप्टन हैं। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2022 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था। टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली थी और तीनों मैच जीतकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया था। आखिरी टी-20 सीरीज भारत ने जिम्बाब्वे ने 2016 में खेली थी, जहां टीम इंडिया 2-1 से जीती थी।

### आइपीएल में गुजरात की कप्तानी कर रहे हैं गिल

शुभमन गिल आइपीएल के पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस की कप्तान कर चुके हैं। हालांकि उनकी टीम पिछले सीजन के लीग राउंड से ही बाहर हो गई। गुजरात ने गिल को पंड्या की ट्रेडिंग के बाद कप्तान बनाया गया था।

### टी-20 भारतीय टीम

**शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।**

### नीतीश रेड्डी को मौका

सिलेक्टर्स ने आइपीएल की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलने वाले नीतीश कुमार रेड्डी को मौका दिया है। वे पहली बार टीम इंडिया में चुने गए हैं। वे इंडिया की बी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। नीतीश ने पिछले सीजन में सनराइजर्स की ओर 13 मैचों से 303 रन बनाए थे। उन्होंने 2 फिफ्टी भी जमाई हैं। वे आइपीएल के 275 मैचों में 142.92 के स्ट्राइक रेट से 6363 रन बना चुके हैं। नीतीश के नाम 42 हाफ सेंचुरी दर्ज हैं। बतातें चलें कि भारतीय टीम इस समय टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है। भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अब तक अजेय है।

## दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंची वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

**एंटीगुआ (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका ने आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 10वें सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। वहीं मेजबान वेस्टइंडीज टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर हो गयी। सुपर-8 के ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो टीमें तय हो गईं। दक्षिण अफ्रीका ने टॉप पर रहते हुए क्वालिफाई किया, जबकि इंग्लैंड की टीम दूसरे स्थान पर रही। बतातें चलें कि एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 136 रन का लक्ष्य दिया था। हालांकि, बारिश की वजह से डकवर्थ लुईस नियम के तहत तीन ओवर्स घटा दिए गए थे। फिर दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।**

कार्यालयः- जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग-825301
Email_Id- dsehazaribagh4@gmail.com

आवश्यक सूचना

पत्रांक-1455 दिनांक-21.06.2024

स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे-4600) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी विषयवार

| क्र0 | विषय | | (पारा काटि) SC | ST | GEN | BC-I | BC-II | TOTAL | (गैर-पारा काटि) SC | ST | GEN | BC-I | BC-II | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञान/गणित | रिक्ति | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | कला/सामाजिक विज्ञान | | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 3 | भाषा | | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 4 |

इंटर प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे-4200) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी विषयवार

| क्र0 | | (पारा काटि) SC | ST | GEN | BC-I | BC-II | TOTAL | (गैर-पारा काटि) SC | ST | GEN | BC-I | BC-II | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिक्ति | 4 | 0 | 8 | 9 | 0 | 21 | 46 | 0 | 6 | 0 | 0 | 52 |

नोटः-
1. सभी संबंधित को निदेश दिया जाता है कि निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड रांची के पत्रांक-786, दिनांक-19.06.2024 में निहित निदेश के आलोक में कार्यालय पत्रांक-1441, दिनांक-19.06.2024 में निहित शर्तों के अनुरूप अनिवार्य रूप से आवेदन करेंगे।
2. कार्यालय पत्रांक-1441, दिनांक-19.06.2024 में निहित निदेश के आलोक में प्राप्त आवेदनों को हीं काउंसिलिंग में सम्मिलित किया जायेगा।
3. आवेदन के लिए अहर्त्ताधारी वही अभ्यर्थी होंगे, जिनके द्वारा इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुक्ति हेतु जिले द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या क्रमशः 04/2015 एवं 03/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग) आवेदन किया गया होगा।
4. जो आवेदक न्यायादेश से आच्छादित होंगे, वे अपने आवेदन के साथ न्यायादेश की प्रति संलग्न करेंगे।
5. पूर्व में जिस कोटि के विरूद्ध आवेदन समर्पित किया गया होगा, उसी कोटि के विरूद्ध उनका दावा मान्य होगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग। उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 327522 School Education and Literacy(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 25 जून, 2024
www.azadsipahi.in
11

### मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीडीसी ने की बैठक

# अधिकारी घर-घर जाकर अपने स्तर से प्रचार एवं सहयोग करें : डीडीसी

### मतदाता सूची में संशोधन व नये नाम जोड़ने की प्रक्रिया 1 जुलाई से

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर डीडीसी सादात अनवर ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में संवाददाता सम्मेलन आयोजित की। जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में डीडीसी ने मीडिया को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची प्रकाशन को लेकर प्राप्त निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि एक जुलाई को अहर्त्ता तिथि मानते हुए 25 जून से मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। इसके अंतर्गत संशोधन पूर्व गतिविधियों की जानकारी दी गई



द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक करते डीडीसी व अन्य।

कि बीएलओ के माध्यम से घर-घर का सत्यापन किया जाना है, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/पुनर्गठ,मतदाता सूची/ईपिक में भी विसंगतियों को दूर करना, अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फोटो गुणवत्ता में सुधार जहां भी आवश्यक हो रोल में धुंधली खराब गुणवत्ता वाली में विनिर्देशों के अनुरूप न होने वाली औरक गैर- मानवीय फोटो वाली को प्रतिस्थापित कर फोटोग्राफ को हटाया जाना है। इस दौरान एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए, 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करना है। साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनका विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है। डीडीसी ने सभी पत्रकारों से ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की सूचना में सहयोग करने की बात कही। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी जायेगी। इससे मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है। इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नयी सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा तो वैसे कार्ड को भी बदलना। अथवा किसी प्रकार का सुधार करवाना है, वे अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन समर्पित करें ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## बिना सीमेंट के बन रहा गार्डवाल, संवेदक को लगायी फटकार

**जमुआ/गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जमुआ प्रखंड के पतरोगुंडी से मेरखोगुंडी कला तक बिना सीमेंट के गार्डवाल बनाने के मामले की जांच करने सोमवार को जनप्रतिनिधियों की टीम निर्माणस्थल पहुंची। वहां ग्रामीणों की शिकायत को सही पाया। बिना सीमेंट के ही गार्डवाल में बोल्डर नींव में भरे गए थे। पत्थर की भी गुणवत्ता निम्न थी। इसे देख प्रतिनधियों ने संवेदक के मुंशी को कड़ी फटकार लगाई और कार्य रोकने को कहा। बतातें चलें कि आरइओ द्वारा जमुआ में बनाये जा रहे विभिन्न सड़कों में निम्न गुणवत्ता की शिकायत आम है। पतरोगुंडी से मेरखोगुंडी कला तक 2किमी सड़क निर्माण कार्य मे प्राक्कलन की धज्जियां उड़ाई जा रही है। बिना बोर्ड के काम किया जा रहा है। हद तो तब हो गई जब ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए।इस मौके पर जमुआ प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि जमुआ में पथ सुदृढ़ीकरण के कार्य में बिना बोर्ड लगाए और जैसे-तैसे कार्य किया जा रहा है। अब वैसे संवेदक की खैर नहीं है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम जनता द्वारा उन्हें खदेड़ने की बारी है। ग्रामीणों के सहयोग से काम में लापरवाही और धांधली करने वालों को चिन्हित कर उनके कारनामों को उजागर किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, पंसस प्रतिनिधि पंकज यादव, फरीद आलम, रामदेव आदि थे।**

# पांच दिवसीय पोषण भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम का शुभारंभ

### आईआईटी आईएसएम में मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रतिष्ठित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित पांच दिवसीय पोषण भविष्य नेतृत्व कार्यक्रम के में सोमवार को देशभर से विभिन्न तकनीकी और शैक्षणिक संस्थानों के कुल 18 संकाय सदस्य आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में एकत्रित हुए। इस दौरान सभी ने शिक्षण की बारीकियों को सीखा, जिसमें बातचीत कौशल विकसित करना, प्रभाव और अनुनय, नेतृत्व प्रेरणा और प्रभावी प्रदर्शन लिंक को समझना,संचार कौशल-मौखिक और व्यक्तिगत और संगठनात्मक विकास के लिए सीखने की मानसिकता की संस्कृति बनाना शामिल था। इस दौरान दो विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिनमें से एक शैक्षणिक क्षेत्र के विशेष संदर्भ में परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रथाओं पर और दूसरा तनाव प्रबंधन, अचेतन समूह की गतिशीलता और संघर्ष समाधान पर होगा। इसके अलावा प्रोफेसर सोमनाथ चट्टोपाध्याय द्वारा कोचिंग और सलाह पर अन्य सत्र आयोजित किए जाएंगे। रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे आदि द्वारा वित्तीय उत्कृष्टता के पोषण पर सत्र आयोजित किया जाएगा, जो कि मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के भाग के रूप में




आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने कहा शिक्षा या किसी अन्य क्षेत्र में नेतृत्व लोगों के बीच स्वीकृति के माध्यम से विकसित होता है और इसे थोपा नहीं जा सकता है सकता है। कहा कि स्वीकार्यता के लिए एक नेता को संगठन और उसके लोगों या स्थान के मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्रीय पहलुओं से परिचित होना होगा। फिर कोई भी बदलाव शुरू करने से पहले आवश्यकता के अनुसार खुद को ढालना होगा, क्योंकि इससे लोगों के बीच उनकी स्वीकार्यता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। कहा कि लोगों के बीच स्वीकार्यता से अच्छी धारणा बनती है। वहीं, प्रोफेसर सोमनाथ चट्टोपाध्याय, प्रधान अन्वेषक ओसीईपी ने अपने संबोधन के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा का उदाहरण दिया, जिन्होंने डीन रिसर्च एंड एक्सटर्नल एंगेजमेंट के के रूप में आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं आईआईटी दिल्ली के एसोसिएट डीन,अनुसंधान एवं विकास (2020-2023) के रूप में भी आगे से नेतृत्व करते हुए काफी बदलाव लाये। प्रो मोहम्मद इरफान ने पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में स्वागत भाषण देते हुए शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों से अवगत कराया। प्रोफेसर मृणालिनी पांडे, पाठ्यक्रम सह-समन्वयक ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए कहा मैंने नेतृत्व का पहला पाठ प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा,निदेशक आईआईटी (आईएसएम) से सीखा है, जिन्होंने सभी संस्थानों प्रमुखों को व्यक्तिगत रूप से ट्रेनिंग के लिए प्रतिनिधि नामित करने के लिए पत्र लिखा था जबकि वो कुछ ही दिन पहले संस्थान में ज्वाइन किये हैं। उन्होंने एनआईटी जमशेदपुर, एनआईटी सिक्किम, एनआईटी श्रीनगर, एनआईटी वारंगल, आईआईटी जोधपुर, एनआईटी पुडुचेरी, बीएचयू और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर सहित सहयोगी संस्थानों को भी धन्यवाद दिया।

### तपेदिक रोगियों के लिए पोषण सहायता किट कार्यक्रम का शुभारंभ

# भारत में टीबी के लगभग आधे मामले कुपोषण के कारण होते हैं: डॉ शेख मोहम्मद जफरुल्लाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता समूह की कंपनी एवं भारत की अग्रणी एकीकृत ग्रीनफील्ड स्टील निमार्ता कंपनी, ईएसएल स्टील लिमिटेड सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। ईएसएल स्टील लिमिटेड अपने आसपास के समाज के सामाजिक कल्याण के लिए सीएसआर पहलों के माध्यम से सभी की स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रोजेक्ट आरोग्य, ईएसएल स्टील लिमिटेड की फ्लैगशिप हेल्थकेयर प्रोजेक्ट है, जो अपनी भागीदार कार्यान्वयन एजेंसी सिटीजन्स फाउंडेशन के सहयोग से चलाता है। प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत सियालजोरी में




ईएसएल स्टील लिमिटेड के संयंत्र के पास रहने वाले 100 तपेदिक रोगियों के लिए एक पोषण सहायता किट कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका मासिक लागत प्रति व्यक्ति 800 रुपये है। धंडाबर स्थित ईएसएल स्टील लिमिटेड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित प्रोजेक्ट आरोग्य कार्यक्रम में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए बोकारो के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ शेख मोहम्मद जफरुल्लाह ने कहा कि 'गरीबी, खाद्य असुरक्षा, अल्पपोषण, और भीड़भाड़ तपेदिक (टीबी) के प्रमुख कारक हैं। भारत में कुपोषण इसका प्रमुख कारण है। भारत में सक्रिय टीबी के लगभग आधे मामले कुपोषण के कारण हैं। इसके अलावा, अल्पपोषण इन रोगियों की प्रतिरोधी क्षमता को कम करता है, जो टीबी उपचार परिणामों के जोखिम को बढ़ा सकता है। इसलिए, टीबी रोगियों के लिए अतिरिक्त पोषण संबंधी आवश्यकताएं जरूरी हैं, लेकिन इन आवश्यकताओं का मतलब अतिरिक्त लागत भी है। आज तक ऐसी लागतों ने टीबी समाप्ति लक्ष्य में बाधा उत्पन्न की है।' योजना के संदर्भ में चर्चा करते हुए डॉ शेख मोहम्मद जफरुल्लाह ने जानकारी दी कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत एक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना है, जिसने मरीजों के खाते में एनपीवाई योजना के तहत प्रति माह 500 रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे।

# बेरमो में अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, एक की मौत

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र स्थित रामविलास हाई स्कूल के पास सोमवार की सुबह एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गया। उकी पहचान नावाडीह के आहरडीह गांव निवासी शिवनंदन साव (40) के रूप में हुई है। कथारा 4 नंबर में उसकी राशन की एक दुकान है। उधर, घटना के बाद लोगों ने इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दी। कुछ देर में ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी रोते पिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। इस हृदय विदारक दृश्य को देख वहां मौजूद लोगों की भी आंखें नम हो गईं। बताया जा रहा कि शिवनंदन साव ऑटो में सवार होकर कथारा से फुसरो जा रहा था। तभी रामविलास स्कूल के पास एक बाइक से चकमा खाकर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें शिवनंदन की मौत हो गई।


**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा**
**(भू-अर्जन शाखा)**

प्रपत्र VI
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या
उपायुक्त या समुचित सरकार
प्रारम्भिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 .................................. दिनांक..............................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – कच्छुपानी, थाना नं0 – 57, थाना/अंचल – बोलबा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – ठेठाईटांगर–बोलबा–केरसई–किनकेल पथ (**MDR-041**) (कुल –लंबाई–57.9 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम – कच्छुपानी, थाना नं0 – 57, थाना/अंचल – बोलबा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **3.536** एकड़ यानि **1.431** हेक्टेयर मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | द0 | पू0 | प.0 | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाएँ प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 48 | 281 | रैयती | टांड़ दो | 0.02 | जुनास खड़िया वगै0 | प्रदीप कुल्लू | सड़क | 642 | 317 | | | | |
| 2 | 50 | 282 | रैयती | टांड़ एक | 0.025 | जुनास खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 3 | 23 | 285 | रैयती | टांड़ एक | 0.006 | डोयो खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | प्रदीप कुल्लू | नीज | | | | |
| 4 | 23 | 286 | रैयती | टांड़ एक | 0.011 | डोयो खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | नीज | प्रदीप कुल्लू | | | | |
| 5 | 55 | 306 | रैयती | मकान / सहन | 0.003 | शनीचर खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | जेवियर | नीज | | | | |
| 6 | 13 | 307 | रैयती | मकान / सहन | 0.003 | जेठु खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 7 | 48 | 314 | रैयती | मकान / सहन | 0.002 | जुनास खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | इग्नासियुस कुल्लू | पितरुस | | | | |
| 8 | 13 | 315 | रैयती | मकान / सहन | 0.002 | जेठु खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | नीज | प्रदीप | | | | |
| 9 | 25 | 326 | रैयती | टांड़ तीन | 0.086 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 10 | 25 | 328 | रैयती | दोन तीन | 0.032 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 11 | 25 | 329 | रैयती | परती कदीम | 0.064 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 12 | 37 | 348 | रैयती | टांड़ तीन | 0.041 | अमुस खड़िया वगै0 | इग्नासियुस कुल्लू | सड़क | इग्नासियुस कुल्लू | इग्नासियुस कुल्लू | | | | |
| 13 | 41 | 349 | रैयती | टांड़ तीन | 0.072 | बुधु खड़िया वल्द बीरसा खड़िया | नीज | सड़क | नीज | अंजलुस | | | | |
| 14 | 55 | 350 | रैयती | टांड़ तीन | 0.042 | शनीचर खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 15 | 25 | 351 | रैयती | परती कदीम | 0.061 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | इग्नासियुस कुल्लू | सड़क | प्रदीप कुल्लू | चेतु पहान | | | | |
| 16 | 55 | 352 | रैयती | टांड़ तीन | 0.011 | शनीचर खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | प्रदीप कुल्लू | चैतु पहान | | | | |
| 17 | 25 | 353 | रैयती | दोन तीन | 0.02 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | 329 | नीज | 329 | 351 | | | | |
| 18 | 26 | 362 | रैयती | दोन दो | 0.02 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | अंथ्रेस सोरेंग | सड़क | अंथ्रेस सोरेंग | अंथ्रेस सोरेंग | | | | |
| 19 | 38 | 363 | रैयती | टांड़ तीन | 0.045 | अमुस खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | इग्नासियुस कुल्लू | नीज | | | | |
| 20 | 38 | 373 | रैयती | टांड़ तीन | 0.106 | अमुस खड़िया वगै0 | नीज | सड़क | नीज | कानवेल सोरेंग | | | | |
| 21 | 25 | 630 | रैयती | टांड़ तीन | 0.011 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | रास्ता | नीज | 631 | 628 | | | | |
| 22 | 25 | 632 | रैयती | टांड़ दो | 0.108 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | सड़क | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 23 | 7 | 638 | रैयती | रास्ता | 0.005 | गरदु डोमरा वगै0 | नीज | सड़क | गुडू | नीज | | | | |
| 24 | 7 | 639 | रैयती | दोन दो | 0.022 | गरदु डोमरा वगै0 | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 25 | 7 | 640 | रैयती | टांड़ दो | 0.01 | गरदु डोमरा वगै0 | नीज | सड़क | पितरुस | नीज | | | | |
| 26 | 7 | 641 | रैयती | मकान / सहन | 0.005 | गरदु डोमरा वगै0 | नीज | सड़क | नीज | पितरुस | | | | |
| 27 | 43 | 643 | रैयती | टांड़ दो | 0.001 | भुखा डोमरा वल्द चमरु डोमरा | दिनेश सेनापति | सड़क | दिनेश सेनापति | इग्नासियुस | | | | |
| 28 | 25 | 645 | रैयती | टांड़ दो | 0.095 | देवनाथ सेनापति वगै0 वल्द भुजबल सेनापति | नीज | रास्ता | 646 | नीज | | | | |
| 29 | 48 | 646 | रैयती | टांड़ दो | 0.03 | जुनास खड़िया वगै0 | सड़क | नीज | तिन्तुस | प्रदीप कुल्लू | | | | |
| 30 | 39 | 649 | रैयती | टांड़ दो | 0.026 | बुधु खड़िया वल्द दानदु खड़िया | सड़क | नीज | नीज | प्रदीप कुल्लू | | | | |
| 31 | 55 | 650 | रैयती | टांड़ एक | 0.008 | शनीचर खड़िया वगै0 | सड़क | तिन्तुस किड़ो | नीज | तिन्तुस किड़ो | | | | |
| 32 | 55 | 651 | रैयती | टांड़ एक | 0.011 | शनीचर खड़िया वगै0 | सड़क | नीज | नीज | तिन्तुस | | | | |
| 33 | 63 | 654 | रैयती | टांड़ तीन | 0.026 | बिहार सरकार | सड़क | नीज | | नीज | | | | |
| 34 | 6 | 724 | रैयती | टांड़ तीन | 0.073 | सोमरा गोड़ वगै0 पे0 इन्दर गोड़ | सड़क | सोमरा सिंह | सोमर सिंह | विमल देवी | | | | |
| 35 | 35 | 725 | रैयती | टांड़ तीन | 0.001 | वीसु सेनापति वगै0 पे0 अर्जुन सेनापति वगै0 | मनी पहान | सड़क | मनी पहान | विमला देवी | | | | |
| 36 | 35 | 737 | रैयती | टांड़ दो | 0.032 | वीसु सेनापति वगै0 पे0 अर्जुन सेनापति वगै0 | नीज | सड़क | बैशाखु | नारायण | | | | |
| 37 | 45 | 746 | रैयती | टांड़ तीन | 0.064 | रामचन्द्र मिस्त्री वगै0 | नीज | सड़क | नीज | | | | | |
| 38 | 60 | 747 | रैयती | टांड़ दो | 0.155 | शुमीरीत मांझी वल्द जोनहा मांझी | नीज | सड़क | कमल किशोर | सामुदायिक भवन | | | | |
| 39 | 35 | 749 | रैयती | टांड़ तीन | 0.083 | वीसु सेनापति वगै0 पे0 अर्जुन सेनापति वगै0 | सड़क | नीज | बैशाखु | भवन | | | | |
| 40 | 45 | 765 | रैयती | टांड़ तीन | 0.033 | रामचन्द्र मिस्त्री वगै0 | सड़क | नीज | कानवेल सोरेंग | नीज | | | | |
| 41 | 44 | 771 | रैयती | दोन दो | 0.023 | भुखा डोमरा वल्द चमरु डोमरा | सड़क | नीज | झमन पहान | जेठु पहान | | | | |
| 42 | 56 | 772 | रैयती | दोन दो | 0.023 | शनीचर खड़िया वगै0 पे0 बीरसा खड़िया | नीज | सड़क | झमन पहान | बैशाखु मांझी | | | | |
| 43 | 21 | 775 | रैयती | टांड़ तीन | 0.137 | धुमाल शेनापत वगै0 | सड़क | नीज | नीज | झमन पहान | | | | |
| 44 | 23 | 850 | रैयती | टांड़ तीन | 0.046 | डोयो खड़िया वगै0 पे0 हबलु खड़िया वगै0 | भरत सेनापति | सड़क | पितरुस | भरत सेनापति | | | | |
| 45 | 23 | 853 | रैयती | टांड़ दो | 0.054 | डोयो खड़िया वगै0 पे0 हबलु खड़िया वगै0 | 854 | देवकण सेनापति | 855 | 851 | | | | |
| 46 | 23 | 854 | रैयती | टांड़ दो | 0.063 | डोयो खड़िया वगै0 पे0 हबलु खड़िया वगै0 | सड़क | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 47 | 23 | 855 | रैयती | टांड़ तीन | 0.039 | डोयो खड़िया वगै0 पे0 हबलु खड़िया वगै0 | सड़क | नीज | नीज | भरत | | | | |
| 48 | 32 | 949 | रैयती | दोन तीन | 0.069 | धुका खड़िया वगै0 | कमल किशोर | नीज | सड़क | पितरुस | | | | |
| 49 | 6 | 960 | रैयती | टांड़ तीन | 0.033 | सोमरा गोड़ वगै0 पे0 इन्दर गोड़ | झमन पहान | सड़क | सिलास | झमन पहान | | | | |
| 50 | 6 | 961 | रैयती | टांड़ तीन | 0.054 | सोमरा गोड़ वगै0 पे0 इन्दर गोड़ | सड़क | झमन पहान | झमन पहान | झमन पहान | | | | |
| 51 | 39 | 962 | रैयती | टांड़ तीन | 0.079 | बुधु खड़िया वगै0 वल्द दानदु खड़िया | सड़क | झमन पहान | झमन पहान | क्लेमेंट सोरेंग | | | | |
| 52 | 6 | 963 | रैयती | टांड़ तीन | 0.003 | सोमरा गोड़ वगै0 | अमरेल सोरेंग | सड़क | अमरेल सोरेंग | अमरेल सोरेंग | | | | |
| 53 | 23 | 964 | रैयती | टांड़ तीन | 0.064 | डोयो खड़िया वगै0 पे0 हबलु खड़िया वगै0 | सड़क | अमरेल सोरेंग | अमरेल सोरेंग | अमरेल सोरेंग | | | | |
| 54 | 23 | 968 | रैयती | टांड़ तीन | 0.093 | डोयो खड़िया वगै0 पे0 हबलु खड़िया वगै0 | सड़क | नीज | अमरेल सोरेंग | नीज | | | | |
| 55 | 6 | 1029 | रैयती | टांड़ तीन | 0.08 | सोमरा गोड़ वगै0 | चेतु पहान | सड़क | 1034 | 949 | | | | |
| 56 | 46 | 1033 | रैयती | टांड़ तीन | 0.162 | रामचन्द्र मिस्त्री वगै0 | नीज | रास्ता | नीज | नीज | | | | |
| 57 | 45 | 1034 | रैयती | टांड़ तीन | 0.138 | रामचन्द्र मिस्त्री वगै0 | नीज | सड़क | नीज | सिलास टेटे | | | | |
| 58 | 22 | 1050 | रैयती | टांड़ तीन | 0.095 | धुमाल सेनापत वल्द लछमन सेनापत | रास्ता | नीज | सीमाना | किशोर | | | | |
| 59 | 64 | 293 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.001 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 60 | 64 | 303 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.003 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 61 | 64 | 316 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.098 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 62 | 63 | 318 | गै0म0 | परती कदीम | 0.052 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 63 | 63 | 365 | गै0म0 | परती कदीम | 0.03 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 64 | 63 | 372 | गै0म0 | परती कदीम | 0.025 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 65 | 63 | 723 | गै0म0 | परती कदीम | 0.098 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 66 | 64 | 770 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.018 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 67 | 64 | 774 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.022 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 68 | 63 | 954 | गै0म0 | जंगल झाड़ी | 0.349 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 69 | 63 | 955 | गै0म0 | नाला | 0.016 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 70 | 63 | 959 | गै0म0 | जंगल झाड़ी | 0.084 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 71 | 64 | 965 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.014 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| कुल | | | | | **3.536** | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा – 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अनेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू-अर्जन सिमडेगा | जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा | अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 327419 Land Reforms(24-25).D

# आलू-प्याज के दाम बढ़े, नेफेड आपूर्ति करेगा : कृष्णचंद्र पात्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में आलू-प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी पर खाद्य आपूर्ति मंत्री कृष्णचंद्र पात्र ने प्रतिक्रिया दी है। नासिक से प्याज 34 रुपये किलो आ रहा है। परिवहन लागत सहित 40 रुपये प्रति किलो। खुचूरा बाजार में कीमतें अभी थोड़ी ऊंची हैं। इसी तरह आलू के लिये असम और बंगाल पर निर्भर है, इसलिए वहां कीमतें बढ़ने के कारण हमारे राज्य में भी आलू की कीमत बढ़ गयी है। नेफेड को आलू और प्याज की आपूर्ति करने के लिए कहा जायेगा। हालांकि, अनावश्यक जमाखोरी पर नजर रखी गयी है। मंत्री ने कहा कि अगर कहीं भी ऐसी घटना होगी तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं, मंत्री ने कहा कि टमाटर और सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। आगे महंगाई की समस्या के समाधान के लिए हर ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज खोले जायेंगे।

## नवीन पटनायक की पार्टी के सांसद की दो टूक

# भाजपा को समर्थन नहीं: सस्मित पात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को अपनी पार्टी के 9 राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान पटनायक ने उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के आगामी सत्र के दौरान जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में उन्होंने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। मीटिंग के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा, ह्यइस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक ही सीमित नहीं रहेंगे। अगर केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ओड़िशा के हितों की अनदेखी करती है तो वे



आंदोलन करने के लिये दृढ़ हैं। बीजद नेता ने कहा कि ओड़िशा को विशेष दर्जा देने की मांग उठाने के अलावा पार्टी सांसद राज्य में खराब मोबाइल कनेक्टिविटी और बैंक शाखाओं की कम संख्या का मुद्दा भी उठायेंगे। पात्रा ने कहा, पिछले 10 सालों से ओड़िशा की कोयला रॉयल्टी में संशोधन की मांग को केंद्र सरकार ने नजरअंदाज किया है। इससे राज्य के लोगों को भारी नुकसान हो रहा है और वे अपने हक के हिस्से से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में 9 सांसद मजबूत विपक्ष के रूप में काम करेंगे।

### 'अब भाजपा को कोई समर्थन नहीं'

जब सस्मित पात्रा से पूछा गया कि क्या बीजद भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को मुद्दा आधारित समर्थन देने के अपने पहले के रुख पर कायम रहेगी, तो उन्होंने कहा, ह्यअब भाजपा को कोई समर्थन नहीं, केवल विपक्ष की भूमिका निभाययेंगे। हम ओडिशा के हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। बाद में पात्रा ने पीटीआई से कहा, भाजपा को समर्थन देने का कोई सवाल ही नहीं है। बीजद अध्यक्ष ने हमसे कहा कि अगर राजग सरकार ओड़िशा की वास्तविक मांगों को नजरअंदाज करना जारी रखती है, तो हमें एक मजबूत और जीवंत विपक्ष के रूप में काम करना चाहिए।

## ढेंकनाल रुंगटा माइंस प्लांट में दुर्घटना

# लोहे का शेड गिरने से 2 की मौत, 6 गंभीर रूप से घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल जिले के हिंदोल डिवीजन अंतर्गत झाड़बंध में मौजूद रूंगटा माइंस कारखाना में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ है। मैकेनिकल स्ट्रक्चर के गिर जाने से घटना स्थल पर ही कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि 6 से 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती :** जानकारी के मुताबिक कारखाने के कर्मचारियों पर लोहे का शेड गिर गया, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल करीब 6-7 लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**कैसे हुआ हादसा :** कारखाना के डीआरआइ प्लांट में यह हादसा हुआ है। प्लांट नंबर 8 और 9 नंबर किलन प्लाटफॉर्म में माल शिफ्टिंग के समय ऊपर से लोहे का प्लेट खिसक कर गिर गया। हादसा सोमवार सुबह सुबह हुआ, काम चलने के दौरान अचानक मेकानिकल स्ट्रक्कर ढह गया। इस समय स्ट्रक्कर के नीते कुछ श्रमिक काम कर रहे थे। ऐसे में हादसे में घायल एवं मृतकों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि ढेंकानाल रूंगटा कारखाना में यह हादसा हुआ है। डीआरआइ प्लांट में माल शिफ्टिंग के समय ऊपर से लोहे का प्लेट खिसक कर गिर गयी।

**घटनास्थल पर दो की मौत :** परिणामस्वरूप घटना स्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गयी। हादसा किस प्रकार एवं किस परिस्थिति में हुआ है, वह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हादसे के बाद से कारखाना में उत्तेजना का माहौल बना हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों को समझा-बुझा रही है। मृतक एवं घायल श्रमिकों का परिचय नहीं मिल पाया है।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय, संबलपुर में सोमवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक उदय अनंत कावले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता और केशव राव, निदेशक (कार्मिक) की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि और राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित हुए। अध्यक्ष महोदय उदय अनंत कावले ने अपने संबोधन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर सभी को बधाई दी और इस सफलता की पुनरावृत्ति की शुभकामनाएं दी। केशव राव, निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि हम सभी हिंदी में एक दूसरे से





वातार्लाप करके हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना सहयोग दे रहे हैं, जो कि सराहनीय प्रयास है। राजभाषा हिंदी हमें आपस में जोड़ती है। उन्होंने नराकास, संबलपुर की गृह पत्रिका संबलप्रभा के सफल प्रकाशन पर बधाई दी। बैठक में संजय कुमार झा, उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, अजीत कुमार मेहेर, मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मनोज एम आर, सहायक महाप्रबंधक, केनरा बैंक, दिव्येंदु कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार और आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए कार्यालयीन कार्यों में वृद्धि लाने के सुझाव दिए। बैठक में वर्ष के दौरान आयोजित राजभाषा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। बैठक के दौरान संबलपुर की वार्षिक गृह पत्रिका संबलप्रभा का विमोचन अध्यक्ष महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया। बैठक के संचालन में राजभाषा विभाग, एमसीएल की विशेष भूमिका रही।

# बालेश्वर में 2 महीने बाद खुले स्कूल, इंटरनेट सेवा भी बहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बालेश्वर में धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होता नजर आ रहा है, लेकिन करीब एक सप्ताह हो गया। बालेश्वर में कर्फ्यू जारी है। एक सप्ताह बाद सोमवार को दिन के 11 बजे से इंटरनेट सेवा बालेश्वर नगर पालिका के अंतर्गत फिर से शुरू कर दी गयी है। इसके साथ विगत दो महीने से बंद पड़े विभिन्न विद्यालय भी सोमवार से खोल दिये गये हैं। बालेश्वर नगर पालिका के अंतर्गत मुख्यतः दो थाने आते हैं, एक टाउन थाना दूसरा सहदेव खूंटा थाना। टाउन थाना के अंतर्गत सुनहट नामक स्थान आता है, जहां दो समुदायों के बीच दंगा भड़का था। इसके चलते सुबह 5 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक इस थाना के अंतर्गत कर्फ्यू में छूट दिया गया है। दोपहर 2 बजे के बाद फिर से कर्फ्यू लगा दिया जाता है। ठीक



इसी तरह सहदेव खूंटा थाना के अंतर्गत आने वाले इलाके सुबह 5 से रात 9 बजे तक कर्फ्यू में छूट रहेगा। इसके बाद रात 9 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया जायेगा।

**बालेश्वर जिलाधीश ने क्या कुछ कहा :** बालेश्वर जिलाधीश आशीष ठाकरे तथा बालेश्वर एसपी सागरिका नाथ ने कहा कि अब तक दंगा भड़काने तथा कर्फ्यू के नियमों को न मानने के आरोप में करीब 94 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा साइबर क्राइम के आरोप में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। जिलाधीश और एसपी ने लोगों को शांति बनाये रखने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया है।

**भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती :** यहां उल्लेखनीय है कि कर्फ्यू को देखते हुए कुल 48 प्लाटून पुलिस फोर्स तथा 6 प्लाटून पैरा मिलिट्री फोर्स बालेश्वर में तैनात किये गये हैं। स्थिति नियंत्रण में है, किंतु तनाव देखने को मिल रहा है, जिसके चलते जिला प्रशासन और पुलिस कोई जोखिम उठाना नहीं चाहता।

## 9 जिलों में बिगड़ने वाला है मौसम

# मौसम विभाग का यलो अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मानसून ओडिशा पहुंच गया है, जिससे व्यापक वर्षा के साथ लोगों हीटवेव की स्थिति से राहत मिली है।क्षेत्रीय मौसम विभाग ने 9 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज और बज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना जतायी है। यह वर्षा खरीफ की खेती शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मानसून ने अंततः पूरे ओडिशा को कवर कर लिया है। पिछले कुछ समय से भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों के लिए यह राहत देने वाली खबर है।इस बीच, भुवनेश्वर में क्षेत्रीय मौसम विभाग ने कई जिलों में वर्षा के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने 9 जिलों- खुर्दा, नयागढ़, बौद्ध, कंधमाल, कालाहांडी, गंजाम, रायगढ़ा, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिलों में भारी वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मानसून का आगमन उन किसानों के लिए वरदान के रूप में आया है, जो अपनी खरीफ की खेती शुरू करने के लिए वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे थे।

**दो दिनों तक बारिश होने की संभावना :** मौसम विभाग ने कहा है कि दो दिनों तक गरज और बिजली गिरने के साथ बारिश होने की संभावना है। 26 जनवरी से प्रदेश में वर्षा का परिमाण बढ़ेगा। इस बीच ओडिशा में एक से 22 जून की अवधि के बीच सामान्य से 39 फीसदी कम वर्षा हुई। पांच जिलों में स्थिति गंभीर रही, जबकि 17 जिलों में कम वर्षा हुई है। हालांकि, आठ जिलों में सामान्य वर्षा दर्ज की गयी है।

# एमसीएल ने जीरो प्वाइंट, हीराकुद में सफाई अभियान शुरू किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने स्वच्छता पखवाड़ा 2024 कार्यक्रम के दौरान जीरो प्वाइंट, हीराकुद, बुर्ला में सफाई अभियान चलाया। यह अभियान स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। एमसीएल कर्मचारियों समेत स्थानीय स्वयंसेवकों की एक टीम ने कूड़ा-कचरा, मलबा साफ किया और जीरो प्वाइंट क्षेत्र की सफाई की। यह पहल पर्यावरण जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति एमसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## कटक आरपीएफ और तेलंगाना पुलिस ने की कार्रवाई

# फलकनामा एक्सप्रेस से 2 युवक गिरफ्तार, 24 लाख रुपये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** फलकनामा एक्सप्रेस से 24 लाख रुपये जब्त किये गये हैं। कटक आरपीएफ और तेलंगाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बिहार के दो युवकों के पास से 24 लाख रुपये जब्त किये। दोनों आरोपियों की पहचान रामनारायण यादव और शेख सिराज के रूप में हुई है। दोनों का घर बिहार के कटिहार जिला मनिहारी थाना इलाके में है। तेलंगाना पुलिस को कुछ सूत्रों से पता चला था कि दोनों आरोपी पैसा लेकर फलकनामा एक्सप्रेस से जा रहे हैं। इसके बाद तेलंगाना पुलिस ने इसकी जानकारी कटक आरपीएफ को दी। कटक आरपीएफ ने फलकनामा एक्सप्रेस पर उस



समय छापा मारा, जब वह कटक से जाजपुर के लिए रवाना हो रही थी। कटक आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बात करते हुए बताया कि छापेमारी के दौरान आरपीएफ ने दोनों युवकों के पास से 24 लाख रुपये जब्त करने के साथ ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं मिल पायी है कि दोनों युवकों के पास इतने पैसे कहां से आये, ये पैसे कहां लेकर जा रहे थे।

**मामले की जांच जारी :** पुलिस उनसे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। दोनों युवक तेलंगाना नालगोंडा के रामचारी नामक एक व्यक्ति से रुपये दुगना करने की लालच देकर 24 लख रुपये ठग लिए थे। दोगुना रुपये देने के बजाय यह दोनों फरार हो गये। इसके बारे में रामचारी ने स्थानीय नालगोंडा थाने में शिकायत दर्ज करायी थी।

शिकायत के आधार पर पुलिस एक मामला दर्ज करते हुए दोनों को दबोचने के लिए प्रयास शुरू किया तो, यह दोनों तेलेंगाना से भाग आये थे। पुलिस उनके मोबाइल नंबर को ट्रैक करने के बाद वह दोनों फलकनामा एक्सप्रेस में होने की जानकारी मिली। उसी के आधार पर कटक आरपीएफ को उनके बारे में सूचना दी गयी थी। 3 लाख के हिसाब से 8 नोट की गड्डी उनके पास से मिली। कानूनी करवाई के बाद दोनों आरोपियों को आरपीएफ थाना पुलिस ने नालगोंडा थाना पुलिस को सौंप दी है।

# हरियाणा में नौकरियों में 5 नंबर का बोनस असंवैधानिक करार

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** हरियाणा में सरकारी भर्ती परीक्षा में सामाजिक-आर्थिक आधार पिछड़े उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिये जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सोमवार को दिए फैसले में कोर्ट ने कहा- यह असंवैधानिक है। हरियाणा की खट्टर सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। फैसला 5 मई, 2022 से लागू किया था।


DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE I CSE (AI) I CE I EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE I EEE I CE ME I EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm I D.Pharm I BCA MCA I BBA I MBA I B.Lib.I.Sc I M.Lib.M.Sc I ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. I B.H.M.S I B.Sc. Nursing I GNM I ANM I B.Sc. (Medical) I B.Sc. MLT B.Ed. I D.EL.Ed I M.D. I M.D.S. I M.Sc. (Medical) I PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**